CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 313 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 08 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# सरकार और संगठन दोनों को नई दिशा और गति देने में जुटे भजनलाल शर्मा

## शनिवार को पार्टी के विधायकों पार्टी के पूर्व विधायकों पार्टी के विधानसभा प्रत्याशियों और प्रदेश भाजपा की नवनियुक्त टीम के साथ कई घंटे तक अलग-अलग दौर में की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश सरकार और प्रदेश भाजपा के संगठन दोनों को गतिशील और मजबूत बनाने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे । एक तरफ मुख्यमंत्री शर्मा अपने राजनीतिक कौशल चतुराई निर्णय लेने की क्षमता और नवाचारों से हर क्षेत्र में प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं और नए-नए आयाम स्थापित कर रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े लोगों में भी नया जोश और उत्साह पैदा करने में जी जान से जुटे हुए हैं । मुख्यमंत्री शर्मा पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी लोगों को यह भरोसा दिलाने का प्रयास



कर रहे हैं कि प्रदेश सरकार उनके हितों की रक्षा करने और उनके सम्मान को बढ़ाने में पूरी तरह से कृत संकल्प है इसलिए पार्टी के संगठन को सर्वोपरि मानते हुए समर्पित भाव से कार्य करें इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के सभी संभाग से जुड़े पार्टी के जिला अध्यक्षों मंडल, अध्यक्षों ब्लॉक अध्यक्षों से अलग-अलग दिन मुलाकातें की और उनसे मुलाकात के दौरान उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा और उनसे सरकार के मंत्रियों और पार्टी के विधायकों के व्यवहार और कार्यशैली के बारे में भी बातचीत की इसके अलावा पार्टी जनों से उन्होंने सलाह भी ली पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं की सलाह और शिकायत पर ही मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से पार्टी जनों की शिकायतों का समाधान करने के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस समय एक तरफ जहां मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी को शानदार तरीके से निभाते हुए नजर आ रहे हैं तो दूसरी तरफ पार्टी के संगठन को भी मजबूती प्रदान करने में और सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय बनाने में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ रहे ।

## मदन राठौड़ की नई टीम के सदस्यों को अच्छा कार्य करने के लिए दी शुभकामनाएं

: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ की नई टीम के सदस्यों को उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो समर्पित और मेहनत से कार्य करने वाले नेता को आगे बढ़ने का पूरा मौका देती है उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठन को मजबूती देने में पुरी ताकत झोंक दें और समर्पित भाव से पार्टी के संगठन को मजबूती देंगे तो आगे पॉलिटिक्स में उनके रास्ते और भी अच्छे होंगे । उन्होंने कहा कि उनकी नियुक्ति एक ऐसे समय में हुई है जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है और सरकार ने पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं इसलिए अब उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह पार्टी के संगठन से प्रदेश भर में जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं को मोटिवेट करें और सरकार के कार्यों को जनता के बीच प्रभावी और बेहतर तरीके से लेकर जाने के लिए पार्टी के दूर दराज के इलाकों में बैठे छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह का संचार करें। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि जब प्रदेश में पार्टी की सरकार होती है तो संगठन को दुगने उत्साह से कार्य करने की जरूरत होती है इसलिए संगठन ने उन पर विश्वास करके उन्हें जो नई जिम्मेदारी दी है उसको पूरी ईमानदारी से निभाएं ताकि आने वाले दिनों में होने जा रहे पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित होने के साथ-साथ अगले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा फिर से सरकार बना सके इसलिए उन्होंने मदन राठौड़ की नई टीम के सभी सदस्यों को पूरी ताकत के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया और उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को और भी सक्रिय तरीके से कार्य करने को किया प्रेरित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों से वैसे तो हमेशा निरंतर संपर्क में रहते हैं और उन्हें मोटिवेट करते रहते हैं तथा मंत्रियों के कामकाज की भी समीक्षा करते रहते हैं और अपनी ओर से उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहते हैं । अब जिस तरह से सरकार के 2 साल पूरे होने वाले हैं इस कार्य में जिलों के प्रभारी मंत्रियों को अपने अपने कार्यभार वाले जिलों में सरकार की उपलब्धियां सरकार के ऐतिहासिक निर्णय और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने के लिए विस्तृतकारी योजना और व्यवस्थित तरीके से काम करने को कहा है इसके लिए जिलों में संगठन से जुड़े नेताओं से बराबर संपर्क में रहने को कहा गया है। जिलों में कैसे और किस तरह से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए जिसकी वजह से ज्यादा से ज्यादा लोग सरकार के इन कार्यक्रमों को देखकर सरकार की उपलब्धियां और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हासिल कर सके इसके लिए जिला प्रभारी मंत्रियों को जिलों में ज्यादा से ज्यादा समय देने को कहा गया है इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से मुलाकात के दौरान कई बार संगठन से जुड़े नेताओं ने मंत्रियों के व्यवहार और उनकी कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई तो इसके बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने मंत्रियों से कहां है कि पार्टी के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उनके निराकरण के प्रयास भी किया जाए इसके अलावा मुलाकात के दौरान भी पार्टी के कार्यकर्ताओं से हमेशा अच्छे माहौल में और अच्छे व्यवहार से बातचीत की जाए ।

## पार्टी के विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों से भी किया मंथन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को पार्टी के मौजूदा विधायकों और पार्टी के विधानसभा प्रत्याशियों के साथ सामूहिक चर्चा की मुख्यमंत्री शर्मा ने मीटिंग में मौजूद सभी लोगों से आग्रह किया कि अब समय आ गया है कांग्रेस पार्टी राजस्थान में कई मुद्दों को लेकर गलत प्रचार कर रही है। इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं के गलत और भ्रामक प्रचार के लिए प्रदेश की जनता के बीच नियमित रूप से मुलाकात करना और उन्हें सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां को बताने के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के नेता मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम और अन्य कई विषयों को लेकर सरकार के खिलाफ जो माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं उन सब के बारे में प्रदेश के लोगों को सच्चाई से रूबरू करवाने और कांग्रेस पार्टी के भ्रामक प्रचार में नहीं आने के लिए लोगों को सीख देना बहुत जरूरी हो गया है इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के मौजूदा विधायकों से साफ कहा कि यह उनकी अब नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों से मुलाकात करें और सरकार की योजनाओं उपलब्धियां और सरकार के आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दे मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र में कार्य किया है लेकिन जब तक सरकार के कार्यों के बारे में लोगों को समुचित जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी तब तक सरकार के इन अच्छे कार्यों का कोई मतलब भी नहीं रहेगा । क्योंकि कांग्रेस पार्टी के नेता भ्रामक प्रचार के माध्यम से सरकार के खिलाफ माहौल बना रहे हैं जिसका जवाब पार्टी के जनप्रतिनिधि और संगठन से जुड़े नेता ही जनता को ठीक तरह से दे सकते हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार के 2 साल के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के लिए सरकार ने सभी जिलों और सभी विधानसभा क्षेत्र में अपने स्तर पर भी शानदार तैयारी की है लेकिन संगठन से जुड़े लोगों को भी इसमें समर्पित भाव से सरकार से जुड़े लोगों का सहयोग करना होगा ताकि लोग ठीक तरह से सरकार की उपलब्धियां और जनकल्याणकारी योजनाओं को जान सके और समझ सके ।

# प्रदेश सरकार जनहितैषी और लोककल्याणकारी नीतियों पर कर रही है उत्कृष्ट कार्य : मदन राठौड




## कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर 2028 में फिर से प्रदेश में बनेगी भाजपा सरकारः भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कसं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय जयपुर में रविवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थित रही। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय संगठन की मजबूती तथा सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहितैषी और लोक कल्याणकारी नीतियों पर उत्कृष्ट कार्य कर रही है। सरकार किसानों महिलाओं युवाओं सहित समाज के हर वर्ग के लिए नई योजनाएं शुरू कर रही है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने राइजिंग राजस्थान आयोजित करने तथा नई नीतियों के क्रियान्वयन पर तेज़ी से कार्य हो रहा है। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और मिथ्या प्रचार का तथ्यों के साथ मुकाबला करें, क्योंकि कांग्रेसी नेता असत्य का सहारा लेकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर ही संगठन मजबूत होता है और इन्हीं कार्यकर्ताओं की बदौलत 2028 में फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ आपसी समन्वय बनाकर टीम भावना के साथ कार्य करें। पदाधिकारियों की निर्णय क्षमता ऐसी होनी चाहिए जो जनता के कल्याण में सहायक सिद्ध हो। संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का निर्माण अत्यंत आवश्यक है और यह एक सतत प्रक्रिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को अपने कार्य और उत्तरदायित्व का निरंतर आत्म-मूल्यांकन करते रहना चाहिए जिससे संगठन और स्वयं दोनों को मजबूती मिलती है। बैठक में संगठन विस्तार जनसंपर्क अभियान सरकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंन्द्र पाल सिंह टीटी, मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, बिहारी लाल विश्नोई , छगन माहुर, हकरू भाई मईडा, ज्योति मिर्धा ,अल्का मूंदडा ,सरिता गैना, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, कैलाश मेघवाल, भूपेंद्र सैनी, डॉ मिथिलेश गौतम प्रदेश मंत्री नारायण मीणा ,अजीत मांडण, डॉ अपूर्वा सिंह, आईदान सिंह भाटी, एकता अग्रवाल ,नारायण पुरोहि, सीताराम पोसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ,सह कोषाध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल, प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, प्रकोष्ठ प्रभारी विजेंद्र पूनियां, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, प्रवक्ता रामलाल शर्मा, कुलदीप धनकड, दशरथ सिंह मदन प्रजापत, राखी राठौड़, स्टेफी चौहान, भाजपा आईटी प्रभारी अविनाश जोशी उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधि को अपने क्षेत्र के कार्यों को लेकर हमेशा गंभीर रहना चाहिए : दिया कुमारी

## उपमुख्यमंत्री ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में करीब 100 करोड रुपए की लागत से निर्मित हो रहे फोरलेन आर. ओ. बी. शिलान्यास किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में फोरलेन आर ओ बी का शिलान्यास किया । इसके अलावा सीता वाली और नाड़ी का फाटक के बीच आर यू बी का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग तथा व्यापारिक और सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दिखाते हुए इस कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया । इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह हर जनप्रतिनिधि का दायित्व बनता है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए हमेशा सतत प्रयास करें । उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उन्हें उनकी समस्याओं के समाधान के लिए और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए ही विधानसभा और लोकसभा में भेजती है इसलिए हर जनप्रतिनिधि को अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर रहना चाहिए उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की बहुत खुशी है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों का शुभारंभ उद्घाटन और शिलान्यास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह जनता का आशीर्वाद है जिसकी वजह से उन्हें इन विकास कार्यों को शुरू करने का मौका मिला है उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में हर विधानसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ कार्य किए हैं । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में ही नहीं बल्कि भजनलाल सरकार ने प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य



करवाए हैं उसी का नतीजा है कि पिछले 2 साल में प्रदेश में हर क्षेत्र में हर जिले में और हर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए हैं । इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जैसे ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंची वहां पर पहले से ही मौजूद बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और उनके जिंदाबाद के नारे लगाने लगे मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी। अक्सर दिया कुमारी के सभी कार्यक्रमों में महिलाओं की संख्या हमेशा काफी ज्यादा रहती है दिया कुमारी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की तरह प्रदेश की महिलाओं में लगातार लोकप्रिय होती जा रही है यह लोकप्रियता जयपुर की महिलाओं में ही नहीं बल्कि प्रदेश में जहां भी दिया कुमारी जाती है। वहां बड़ी संख्या में महिलाएं पहले से ही उनका स्वागत करने के लिए पहुंच जाती हैं पिछले दिनों पुष्कर के मेले के शुभारंभ के अवसर पर भी दिया कुमारी ने राजस्थानी वेशभूषा पहनकर महिलाओं के साथ सामूहिक राजस्थानी लोक नृत्य किया था जो भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में काफी पसंद किया गया द्य इस तरह का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था ।

# सरकार ने भाजपा के संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादे पूरे किएः भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकसित राजस्थान के पथ पर तेजी से अग्रसर : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सूचना क्रांति के युग में सोशल मीडिया जनता के बीच पहुंचने का सशक्त और सुगम माध्यम है। सोशल मीडिया जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और जवाबदेहिता के साथ सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सोशल मीडिया वॉरियर्स के समर्पण और कर्मठता के कारण पार्टी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त करने में सहयोग मिला। मुख्यमंत्री रविवार को कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा में भाजपा की सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट-2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं से बनें संकल्प पत्र का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रही है। लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में करीब 70 फीसदी संकल्प पत्र के वादों को पूरा भी कर लिया गया है। भाजपा सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को बिना भेदभाव के 28 करोड़ रुपए दिए हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस






सरकार के समय में पेपर लीक हुए जिससे युवाओं के सपनों के साथ कुठाराघात हुआ। जबकि भाजपा की सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हम युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं। राज्य सरकार 2 वर्षों में युवाओं को 92 हजार सरकारी नियुक्तियां दे चुकी है। इस माह लगभग 15 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन के समय प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया गया, जिसके अनुरूप योजनाओं और नीतियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। हमने लंबित रामजल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते को गति प्रदान की। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान लगभग 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए। जिनमें से 7 लाख करोड़ से अधिक के धरातल पर उतर चुके हैं। राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए है। आज राजस्थान में किसानों को किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 9000 रुपये मिल रहे है। पशुपालकों को डेढ़ लाख का गोपालक क्रेडिट कार्ड और दूध पर 5 रुपए प्रति लीटर का अनुदान भी दिया जा रहा है। वर्ष 2027 तक किसानों को दिन के समय में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के क्रम में वर्तमान में 22 जिलों के किसानों को दिन के समय में बिजली उपलब्धता शुरू भी हो चुकी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण और विकास की योजनाओं पर अभूतपूर्व कार्य हुआ है। उनके मार्गदर्शन में देश-प्रदेश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब को गणेश मानते हुए अन्त्योदय की विचारधारा के साथ कार्य कर रही है। सोशल मीडिया से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी के मजबूत स्तंभ है। वें जन-जन तक राज्य सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएं और पार्टी को मजबूत करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आधुनिक तकनीकों के तेजी से विकास ने सोशल मीडिया को सूचना प्रसार का सबसे प्रभावी और त्वरित माध्यम बना दिया है। वर्तमान समय में सोशल मीडिया न केवल जनसंपर्क का साधन है, बल्कि सरकार एवं संगठन की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। भाजपा लगातार इस दिशा में संगठित प्रयास कर रही है ताकि सकारात्मक और विकासोन्मुख संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँच सके। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी में किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि नीतिगत संकल्पों और संगठनात्मक मूल्यों की प्रधानता है। भाजपा सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करती आई है और भविष्य में भी यही मार्गदर्शक सिद्धांत रहेगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचारों को आधार मानते हुए पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेज़ी से विकास की राह पर अग्रसर है। राज्य सरकार पारदर्शिता सुशासन और सेवा भाव को केंद्र में रखकर काम कर रही है। विभिन्न क्षेत्रों चाहे वह बुनियादी ढाँचा हो सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हों, या युवा व किसान हितैषी नीतियां – सभी में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है। राठौड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन और सरकार के सामूहिक प्रयासों से आने वाला समय राजस्थान के लिए नई उपलब्धियों और विकास के नए अध्याय लेकर आएगा। भाजपा का संकल्प है विकसित भारत विकसित राजस्थान। पार्टी जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने और राज्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करती रहेगी। इस दौरान भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी हीरेन्द्र कौशिक, प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी अजय विजयवर्गीय सहित सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
8 दिसम्बर, 2025


# हे राम नाटक में विकट परिस्थिति में भी सत्य के पक्ष में खड़े रहने और मृत्यु के भय से मुक्ति का संदेश है- राघवेंद्र रावत

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जलेस के तत्वावधान में लेखक एवं पूर्व प्राचार्य नीलाभ पंडित की कृति 'हे राम एवं अन्य नाटक' का लोकार्पण कार्यक्रम साहित्यकार जीवन सिंह मानवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता साहित्यकार राघवेंद्र रावत (जयपुर) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप रूप में मुंबई विश्वविद्यालय में प्रोफेसर मीनू मदान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता राघवेंद्र रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे समय में जब इतिहास पुरुषों को लेकर नेरेटिव बनाये जा रहे हैं, गाँधी- नेहरू-अंबेडकर इत्यादि इतिहास पुरुषों को छोटा करने की कोशिश की जा रही है, नीलाभ पंडित की नाट्य कृति बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर युवा पीढी को गाँधीजी के विचार दर्शन और सिद्धांतों से अवगत कराने के लिए। गाँधीजी के लिए राम इसलिए आराध्य हैं क्योंकि वे सत्य के प्रतीक हैं। नीलाभ पंडित ने अपने नाटक 'हे राम' के माध्यम से विकट परिस्थिति में भी सत्य के पक्ष में खड़े रहने और मृत्यु के भय से मुक्ति का संदेश दिया है। नीलाभ पंडित ने 'मजदूर' नाटक के जरिये सीवर में मरने की समस्या को उठाया है। यह समाज की त्रासदी है कि



महत्वपूर्ण कार्य करते हुए भी मजदूरों के न जीवन का महत्व रह गया हैं न उनके श्रम का। मरने के बाद उनका परिवार जो त्रासदी भोगता है उस मुद्दे को नीलाभ पंडित ने सिद्दत से उठाया है। उन्होंने कहा कि कोई भी नाटक बड़ा तब होता है जब वह विचार को गहराई से हमारे सामने रखता है, इस मायने में नीलाभ पंडित के चारों नाटक हे राम, कैसी है पहेली, हाय, नखशिखा और मजदूर खरे उतरते हैं।

### निडर हुए बिना सत्य और अहिंसा के मार्ग पर नहीं चला जा सकता- जीवन सिंह मानवी

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए जीवन सिंह मानवी ने कहा कि निडर हुए बिना आप सत्य और अहिंसा के मार्ग पर नहीं चल सकते। गाँधी ने समाज को सारे सत्ता केंद्रो से जोड़कर समझदारी से अंग्रेजों से राजनीतिक आजादी के लिए और समाज को जड़ता से मुक्ति कराने की लड़ाई लडी। नीलाभ पंडित ने 'हे राम' नाटक में जिन सवालों को उठाया है वे सत्य और अहिंसा जैसे सवालों से उठे हुए हैं, जिनको समझकर वर्तमान समय पर लागू करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मीनू मदान ने कहा कि जीवन एक रंग मंच है। इस रंग मंच पर हर व्यक्ति की जिंदगी किसी न किसी नाटक का किरदार है। इसलिए जिंदगी के विभिन्न मुद्दों पर नाटक लिखे जाने चाहिए और उन्हें मंचित किया जाना चाहिए। नीलाभ पंडित का नाटक हे राम जहाँ युवा पीढ़ी को गाँधी दर्शन से परिचय कराने पर केंद्रित है, वहीं कैसी ये पहेली, हाय नाटक अहंकार से मनुष्य का पतन सुनिश्चित है, इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि नखशिखा नाटक में स्त्रीवाद के सवाल उठाये गए हैं, तो मजदूर नाटक में आम मजदूरों और मल्टीनेशनल कंपनियों के बड़े पैकेज लेने वाले लोगों, जो वास्तव में साईबर कुली होते हैं, की जिंदगी को केंद्रीय विषय बनाकर दोनों की ही जिंदगी की परेशानियों को गंभीरता से अभिव्यक्त किया है।

### *आदमी को हालात की सचबयानी के लिए नाटक जरूरी है- नीलाभ पंडित*

*किताब के लेखक नीलाभ पंडित ने नाटक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आदमी को आदमी बनाने के लिए, आदमी को आदमी से जोड़ने के लिए, आदमी को हालात की सचबयानी के लिए नाटक जरूरी है। नकली दुनियाँ से वास्तविक दुनियाँ में आना है तो नाटक जरूरी है। समाज को व्यक्तिवाद से सामूहिकता की ओर लाना है तो नाटक जरूरी है। इस अवसरर एडवोकेट हरिशंकर गोयल, सुनीता मित्तल, नाट्यकर्मी दौलत वैध, कवयत्री योगमाया सैनी, लेखा पंडित, डॉ रमेश बैरवा इत्यादि ने भी विचार व्यक्त किये। मंच संचालन जलेस के सचिव डॉ भरत मीना ने किया, जबकि धन्यवाद उद्बोधन डॉ भागीरथ ने दिया। इस अवसर पर समरजॉय पंडित, प्रमोद मलिक, डॉ छंगाराम मीना, डॉ अजय वर्मा, नूर मोहम्मद, डॉ रामानंद यादव, डॉ जगतपाल, नाट्यकर्मी देशराज मीना, एडवोकेट अशोक कुंतल, डॉ महेश गोठवाल, डॉ नंदकिशोर नीलम, महावीर सिंघल, डॉ स्नेह साईंवाल, डॉ मयंक गर्ग, डॉ देशराज वर्मा, रहीसा, सरिता भारत, इप्टा के प्रदीप माथुर, महेंद्रसिंह व राजेश महीवाल, सुंदर बसवाल, संजय रायपुरिया, गिरधारी लाल, हंसराज वर्मा, काव्य निहाल सिंह, डॉ विनीत, प्रदीप गाँधी, राजेश यादव, मंजू यादव, अशोक मीना, मृदुल रुस्तोगी, बृजमोहन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, गोविंद सिंह, संजय सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।*

महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र की बेहतर पहल:

## दिव्यांग बच्चों को गर्म जैकेट एवं 2 एलईडी टीवी की भेंट



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केंन्द्र द्वारा बेहतर पहल के दौरान प्रातः 60 फ़ीट रोड अलवर स्थित नाहर शक्ति सेवा संस्थान द्वारा संचालित आवासीय दिव्यांग विद्यालय में के 45 दिव्यांग बच्चों को गर्म जैकेट दी प्रदान की गई। आवासीय विद्यालय संचालको की मांग पर दिव्यांग बच्चों को मनोरंजन के लिये 32 इंच एल.ई.डी. टीवी भी विद्यालय को भेंट किये जाकर आज ही फिट करवा दिए गए। वीर डॉ सुरेंद्र जैन जी ने बताया कि दोनों एलईडी टीवी अलवर जेसीज़ के सौजन्य से प्राप्त हुए हैं। अलवर जेसीज़ का बहुत बहुत साधुवाद। कार्यक्रम में वीर डॉ. सुरेन्द्र जैन, वीर जिनेन्द्र जैन, वीर हेमन्त मोदी, वीर अजय जैन, वीर राजेश भट्ट उपस्थित रहे।

## गोविन्द सिंह अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के जिलामंत्री नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के जिलाध्यक्ष करण सिंह चौधरी ने संघ संविधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए गोविन्द सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) अलवर को संगठन का जिला मंत्री नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि नव-नियुक्त जिला मंत्री संघ के संविधान व नियमों के अनुरूप सक्रिय रहकर संगठनात्मक कार्यों का निष्पादन करेंगे।

## डॉ. सोमेन्द्र रावल का एमडी जनरल मेडिसन में हुआ चयन

जयपुर टाइम्स

**थानागाजी(निसं.)** उपखण्ड थानागाजी के ग्राम पंचायत दुहार चौगान निवासी डॉ. सोमेन्द्र रावल का शनिवार जारी नीट पीजी 2025 चयन सूची में एमडी जनरल मेडिसन विषय में चयन हुआ है । जनरल मेडिसन को स्वास्थ्य सेवाओं में प्रमुख विषय माना जाता है । डॉ. सोमेन्द्र वर्तमान में ब्लॉक थानागाजी में पीएचसी आगर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत है डॉ. सोमेन्द्र रावल ने एमबीबीएस की पढ़ाई मेडिकल कॉलेज जोधपुर से करने के पश्चात पीएचसी में पदस्थापन ग्रहण किया और अभी वर्तमान चयन तक यही पदस्थापित हैं डॉ. सोमेन्द्र रावल के एमडी जनरल मेडिसन विषय से पीजी में चयन होने पर लोकेश मीणा युवा नेता, उपेन्द्र रावल, कमल बागड़ा जिला पार्षद, भंवर चौधरी, सुनील मेहता, गजेन्द्र दौंदा, किरोड़ीमल सैन, यशवन्त मीणा, अशोक फागना, पवन बाड़ीवाल, बादल प्रजापत आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए डॉ. सोमेन्द्र को शुभकामनाएं प्रेषित की



## राजाखेड़ा कस्बे के मैन मार्केट मैं चलती बाइक में लगी आग, आग की लपेट को देखकर व्यापारियों में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा कस्बे में अलसुबह एक युवक अपनी बाइक से राजाखेड़ा मार्केट से सब्जी लेने आया था मेंन मार्केट आते ही उसकी बाइक की लाइट सर्किट शॉर्ट होने से बाइक में आग लग गई जैसे ही बाइक में लगी आग ने विराट रूपधारण किया तौ बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। चलती बाइक को ड्राइवर छोड़कर बाइक से अलग भाग गया और आग ने बाइक को अपनी पूर्णतय चपेट में ले लिया मेंन मार्केट मैं आग की चपेट मैं आई बाइक से बाजार में अफरा तफरी मच गई मगर स्थानी प्रशासन की बात की जाए तो आग बुझाने के लिए ना तो नगर पालिका द्वारा फायर ब्रिगेड मौके पर आया ?ना हीं प्रशासन द्वारा आग पर नियंत्रण के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की गमीयत रही कि इसमें कोई भी अनहोनी घटना एवं जनहानीनहीं हुई।

## जिला प्रभारी फूलसिंह ओला का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** पीसीसी महासचिव देव कसाना के नेतृत्व में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी फूलसिंह ओला का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जिले की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की सक्रियता तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे "वोट चोर गद्दी छोड़" रैली अभियान को लेकर महत्वपूर्ण मंथन किया गया। जिला प्रभारी फूलसिंह ओला एवं पीसीसी महासचिव देव कसाना ने रैली को आमजन की आवाज का सशक्त मंच बताते हुये कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा व जनता के अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिये अत्यंत जरूरी है। बैठक में रैली को जिले में सफल, प्रभावी एवं ऐतिहासिक बनाने के लिये रणनीति पर चर्चा हुई। इस अवसर पर एससी विभाग के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सतीश मांडैया ने भी अपने सुझाव साझा किये और रैली को जन-जन तक पहुँचाने के लिये पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

अलवर पुलिस की बड़ी कार्रवाई :

## अन्तर्राराज्जीय अवैध हथियारो की सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

### हथियार बरामद, पूछताछ जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला पुलिस ने अन्तर्राराज्जीय अवैध हथियारो की सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 03 बन्दूक 12 बोर, 03 देशी कटटा 315 बोर मय 68 जिन्दा कारतूस व 52 खाली कारतूस एवं खाली कारतूस भरने का सामान भी बरामद किया है। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करतें हुए कांबले शरण गोपीनाथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व डॉ. प्रियंका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलवर व शिवानी सहायक पुलिस अधीक्षक वृत ग्रामीण जिला अलवर के निकटतम सुपरविजन में हरदयाल सिंह प.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना मालाखेडा जिला अलयर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राराज्जीय अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसपी ने कार्यवाही का विवरण देते हुए बताया कि दिनांक 6 दिसंबर को राजेश कानि. 2407 थाना मालाखेडा जिला अलवर को सूचना मिली की जाहीद खान निवासी फिरोजपुर झिरका हरियाणा गांव नांगल टोडियार तह.मालाखेडा में खेतो की रखवाली करता है, जो रखवाली की आड में हरियाणा से अवैध हथियार लाकर सप्लाई करता है। वह गांव नांगल टोडियार में चरण सिंह उर्फ चरनी निवासी नांगल टोडियार के बोरिंग पर बनी कोटडी में रहता है। जिसके पास अवैध हथियारो की बड़ी खेप मिलने की पुख्ता सूचना है। उक्त सूचना पर हरदयाल सिंह पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना मालाखेडा मय पुलिस जाप्ता के मुताबिक सूचना के नांगल टोडियार पहुंचे। जहाँ पर राजेश कानि. 2407 निगरानी करता हुआ मिला तथा हरदयाल सिंह पु.नि. थानाधिकारी मय जाप्ता के कोटडी के घेरा देकर अभियुक्त जहीद पुत्र बशीर खान जाति मेव निवासी खेडला कला थाना फिरोजपुर झिरका



को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर उसके कब्जे से 03 बन्दूक 12 बोर, 03 देशी कटटा 315 बोर, 68 जिन्दा कारतूस, 52 खाली कारतूस, 12 पैकेट छर्रे, 04 प्लास्टिक की थैली बारूद की एवं खाली कारतूस भरने का सामान बरामद किया। पुलिस ने बताया कि उक्त संबंध में प्रकरण सं0 545 दर्ज कर अनुसंधान जारी हैं। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### गिरफ्तार आरोपी

जाहीद खान पुत्र बशीर खान जाति मेव उम्र 35 साल निवासी खेडला कला पुलिस थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूंह हरियाणा हाल नांगल टोडियार पुलिस थाना मालाखेडा जिला अलवर है। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीमः हरदयाल सिंह पु0नि0 थानाधिकारी, उमरदीन स0उ0नि0, सुरेश कानि0 636, रिंकूराम कानि0 2132, बालकिशन कानि0 1066, ओमप्रकाश कानि0 2102, मानसिंह कानि0 263. प्रयाग सिंह कानि0 चालक, राजेश कानि0 2407 (विशेष भूमिका) जिला अलवर अन्तर्राराज्जीय अवैध हथियार तस्कर को गिरफ्तार कराने में राजेश कानि0 2407 की विशेष भूमिका रही।

## *रतनशहर में 'विधायक कप 2025' का आगाज़ः माखर पंचायत में ग्रामीण क्रिकेट माहौल में जोश*

### जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने टॉस उछालकर किया शुभारंभ, युवाओं को दी अनुशासन व कम सोशल मीडिया उपयोग की सीख



जयपुर टाइम्स

**रतनशहर(निसं.)।** रतनशहर युथ क्लब के तत्वावधान में रविवार को विधायक कप रतनशहर-माखर 2025 एकल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच स्पोर्ट्स ज़ोन अशोक नगर और वीर 11 बड़ागांव के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, संगठन मंत्री दलीप सैनी, युथ क्लब अध्यक्ष विक्रम सैनी (रतनशहर), मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, एवं सुरेश सैनी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने टॉस कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### खिलाड़ियों को महेन्द्र शास्त्री की प्रेरक सीख

मुख्य अतिथि महेन्द्र शास्त्री ने खिलाड़ियों से अनुशासनपूर्वक खेलने का आग्रह करते हुए कहा कि 'शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। 'उन्होंने युवाओं से अपील की कि मोबाइल फोन का उपयोग तभी करें जब अत्यंत आवश्यक हो, क्योंकि सोशल मीडिया से बाहर वास्तविक जीवन में सीखने के अनगिनत अवसर मौजूद हैं। संगठन मंत्री दलीप सैनी (इस्लामपुर) ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल सदैव खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने युवाओं में बढ़ती सोशल मीडिया की लत पर चिंता जताते हुए कहा कि 'कम से कम 12वीं कक्षा तक के बच्चों को इससे दूर रखें, इसके बढ़ते दुष्प्रभाव समाज में विकृतियां पैदा कर रहे हैं।'

### युथ क्लब को बधाई- मीडिया प्रभारी नरेश बगड़

मीडिया प्रभारी नरेश बगड़ ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि रतनशहर युथ क्लब समय-समय पर युवाओं के शारीरिक विकास हेतु सराहनीय कार्यक्रम करता है, जो वास्तव में प्रशंसनीय है। युथ क्लब के अध्यक्ष विक्रम सैनी (रतनशहर) ने उद्घाटन समारोह में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रकट करते हुए सफल एवं अनुशासित प्रतियोगिता करवाने का आश्वासन दिया।

### इस दौरान मौजूद रहे

सुमेर सिंह इस्लामपुर, कपिल सैनी, युवा नेता सौरभ योगी, पवन जमालपुरिया, जगदेव पूनिया पूर्व पंचायत समिति सदस्य, श्यामलाल मीणा, दीपक गुप्ता, पूर्व वार्ड पंच प्रतापराम सैनी निवेश सैनी इस्लामपुर, राजेश शर्मा,दिनेश कायस्थपुरा पंचायत समिति सदस्य,प्रवीण सैनी सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस का संकल्प अभियान हर घर तक की शुरुआत




### 100 दिन की कार्ययोजना का पोस्टर विमोचन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** राजस्थान युवा कांग्रेस के आह्वान पर संकल्प अभियान हर घर तक की शुरुआत रविवार से की गई। इस मौके पर कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक इन्द्राज सिंह गुर्जर, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, मुण्डावर विधायक ललित यादव, पूर्व विधायक बलजीत यादव, पीसीसी महासचिव देव कसाना, संजय यादव बहरोड़ आदि द्वारा अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया। युवा कांग्रेस कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक कसाना ने बताया कि कोटपूतली विधानसभा में संकल्प अभियान हर घर तक की शुरुआत की गई व आगामी 100 दिन की कार्ययोजना का पोस्टर विमोचन किया गया। जिसमें युवा कांग्रेस की ओर से हर बूथ तक वोट चोरी-चुनाव चोरी (एसआईआर)। युवाओं का युद्ध ड्रग्स के विरुद्ध नषा नहीं रोजगार दो। किसानों का संपूर्ण कर्जा मुक्ति अभियान-सिंचाई पानी की भारी कमी व पेयजल के लिये दूषित पानी जो 16 जिलों में आ रहा है उसका उचित प्रबंधन, एमएसपी का सही रूप से लागू नहीं होना, फसल खराब होने पर उचित मुआवजा ना मिलना व मुआवजे में देरी, खाद, यूरिया व पेस्टिसाइड का ना मिलना व इसकी कालाबाजारी होना। छात्रों एवं युवाओं के मुद्दे-भर्ती परीक्षाओं में देरी, विभागों में रिक्त पदों के अनुसार भर्ती निकालो आरपीएससी/आरएसएसबी में सुधार करों, आरक्षित वर्गों के आरक्षण से छेड़छाड़ बंद करों, समय पर एससी, एसटी वर्गों को छात्रवृत्ति जारी करों, बेरोजगारी भत्ता जारी करों, उच्च शिक्षा में शिक्षा वीर योजना बंद करों, स्कूटी वितरण में ओबीसी की छात्राओं को शामिल करों। बिजली की अव्यवस्था- स्मार्ट मीटर व बिलों की गड़बड़ियां, ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमित सप्लाई। पानी का गंभीर संकट-कई गाँवों में पीने के पानी की कमी, टैंकरों पर निर्भरता और जल स्त्रोतों का सूखना। सड़कें व बुनियादी ढ़ाँचा टूटता हुआ-गाँवों-कस्बों में खराब सड़कें, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, स्कूलों में स्टॉफ की भारी कमी। महंगाई का बोझ हर घर पर-गैस, खाद्य पदार्थ, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी, आम परिवार का बजट बिगड़ता जा रहा हैं। महिलाओं की सुरक्षा चिंता का विषय-महिलाओं के खिलाफ बढ़तें अपराध, सुरक्षित परिवहन और रात में सुरक्षा की कमी आदि समस्याओं को पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

## *एनसीडी क्लीनिक और भाविप के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित*



### भारत विकास परिषद ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को बताया लाभदायक

जयपुर टाइम्स

**सूरतगढ़(निसं.)।** उप जिला चिकित्सा लय सूरतगढ़ के एनसीडी क्लीनिक द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 7 दिसंबर 2025 को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद के सहयोग से भोजन भट्ट भोजनालय वार्ड नंबर 3 सामुदायिक भवन में किया गया। शिविर में नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी, काउंसलर दीपक शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट देवेंद्र शरण धाकड़ ने 57 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर में अनिल धानुका ने कहा की एनसीडी क्लीनिक द्वारा चलाए गए स्वास्थ्य जागरूकता अभियान से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति सजग सचेत कर दिया है। अधिकतर महिलाएं संकोच के कारण अपनी निजी बीमारियों के बारे में किसी से कह नहीं पाती और एक समय यह बीमारियां विकराल रूप ले लेती हैं। इसके लिए नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी द्वारा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर राजेंद्र सारस्वत ने एनसीडी क्लीनिक की कार्यप्रणाली और इसके कार्मिकों के बारे में परिचय करवाते हुए कहा कि एनसीडी द्वारा चलाया गया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान सूरतगढ़ क्षेत्र के लिए लाभदायक रहा है। जागरूकता के अभाव में गैर संचारी रोग दिनों दिन बढ़ रहे हैं इसलिए हमें समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाना चाहिए ताकि समय पर उपचार लिया जा सके। नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि महिलाएं मासिक धर्म से संबंधित समस्याएं हो तो चिकित्सालय निःसंकोच आकर उचित उपचार और परामर्श जरूर लें ताकि गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। काउंसलर दीपक शर्मा ने स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा घर का बना शुद्ध सात्विक भोजन ही करना चाहिए और अपनी दिनचर्या में योग व्यायाम को शामिल जरूर करें। शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट देवेंद्र धाकड़ ने कहा कि व्यस्तता के चलते हम स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पा रहे हैं और इसी कारण से योग व्यायाम कसरत जैसी चीजों से दूर हो रहे हैं जिसके कारण हमें हाथ पैरों गर्दन में दर्द शरीर में जकड़न जैसी बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पदाधिकारी और सदस्य सहित वार्ड के अनेक नागरिक मौजूद रहे। स्वास्थ्य जांच शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांच कर सलाह दी गई तथा सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग का परामर्श दिया। फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन दर्द, लकवा, साइटिका, कंधो का दर्द, गठिया, मोच और खिंचाव, घुटने के लिगामेंट की चोट, मांसपेशियों का कमजोर होना, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग रोगों के लिए परामर्श और उपचार दियागया किया गया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
8 दिसम्बर, 2025

## कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली का रविवार को चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा के नेतृत्व में बाबा खाटू श्याम का पट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष अमरसिंह गुर्जर, कमल शर्मा, मीडिया प्रभारी कमलेश मीणा, सचिन समेत अन्य मौजूद रहे।

## मासिक प्रकल्प प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

### शिक्षिकाओं को मंत्र, गीत, भजन व आदर्श जीवन के संस्कारों का कराया अभ्यास

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** सेवा भारती समिति द्वारा बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में मासिक प्रकल्प शिक्षिका व कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सेवा भारती जयपुर प्रांत सह मंत्री महेश कुमार गोयल ने दीप मंत्र, गायत्री मंत्र, महापुरुषों की जीवनी, मासिक गीत, भजन तथा भोजन मंत्र का अभ्यास कराया। उन्होंने सच्चा वीर बना दे मां गीत का सार विस्तार से समझाया। वर्ग में ध्यान जी महाराज बाल संस्कार केंद्र चतुर्भुज से शिक्षिका मोना व चंचल, अहिल्याबाई होलकर सिलाई केंद्र सरुण्ड से शिक्षिका राधा देवी, माता रानी बाल संस्कार केंद्र भीमराव अंबेडकर बस्ती सरुण्ड से शिक्षिका आईसा शर्मा, जमवाय माता बाल संस्कार केंद्र भीम की ढ़ाणी राजनौता से शिक्षिका अंबिका शेखावत, वाल्मीकि बस्ती से शारदा आर्य तथा बाबा रामदेव बाल संस्कार केंद्र मनोहरपुर इंदिरा कॉलोनी से अंजना रैगर उपस्थित रहीं। महेश कुमार गोयल ने शिक्षिकाओं को मंत्र, गीत, भजन व आदर्श जीवन के संस्कारों का अभ्यास कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण भूषण, जिला मंत्री महेश चन्द सैनी, सह जिला मंत्री बीना सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र, जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख एड. भूपेंद्र सोनी, जिला सामाजिक आयाम प्रमुख नागरमल अग्रवाल, जिला स्वावलंबन प्रमुख पुरुषोत्तम सोनी, नगर मंत्री छाजूराम सैनी तथा नगर सत्संग प्रमुख अमिता भटनागर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## महारैली में जिले से हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** केंद्र की सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 14 दिसंबर को दिल्ली में महारैली में सीकर जिले से हजारों कार्यकर्ता जायेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत आयोजित महारैली में सीकर जिले से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे इस दौरान उन्होंने भाजपा की केन्द्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र एवं बिहार में वोट चोरी कर उन्होंने सरकार बनाई राजस्थान में हमारे बी एल ए ने कड़ी मेहनत कर एक-एक नाम को जुड़वाने का प्रयास किया है।आने वाले समय में भाजपा की जनविरोधी सरकार को हम उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। अति आवश्यक बैठक को कांग्रेस जिला प्रभारी, प्रदेश महासचिव विशाल जांगिड़ संबोधित कर करते हुए का सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारी को निर्देशित किया सभी अपने-अपने विधानसभा जितने कार्यकर्ताओं की संख्या दिल्ली जाए गाड़ियों की व्यवस्था कर रिपोर्ट सौंपने का काम करें। दिवंगत हुए पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्वर्गीय सोमनाथ त्रीहन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मोके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला, जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव विशाल जांगिड़,फतेहपुर विधायक हाकम अली, कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश दानोदिया,लक्ष्मणगढ़ प्रधान मदन लाल सेवदा,फतेहपुर प्रधान प्रतिनिधि महिपाल नेहरा, लक्ष्मणगढ़ विधानसभा प्रभारी पी पल प्रजापति,फतेहपुर विधानसभा प्रभारी रियाजत खान सहित सेंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अस्पताल में खून की कमी दूर करने 25 यूनिट किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** सबसे बड़े राजकीय श्री कल्याण अस्पताल में रविवार को युवाओं ने स्वेच्छा से 25 यूनिट रक्तदान किया। यह जानकारी देते हुए युवा कुलदीप खीचड़ ने बताया कि सीकर के राजकीय श्री कल्याण चिकित्सालय में ब्लड की कमी को देखते हुए रविवार को एसके अस्पताल में जाकर 25 यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान है। इस अवसर पर कुलदीप खीचड़, हेमंत शेषमा, रवि सैनी, शशि शर्मा, विकास सैनी, मुकेश मोयल, पिंटू सैनी, प्रमोद सैनी, महेंद्र खीचड़, बंटी सहित कई युवाओं ने रक्तदान किया।

## चतुर्थ वार्षिक महोत्सव ,ध्वज पूजन और भूमी पूजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** सिद्धपीठ श्री झल्डा वाले बालाजी धाम कंवरपुरा रोड नाथावतपुरा सीकर में हो रहे चतुर्थ वार्षिक महोत्सव के तहत संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में हनुमत ध्वज एव भूमि पूजन किया गया । जिसमें महंत श्री रामाशंकर दाधीच ने बताया कि सप्त दिवसीय भागवत कथा के इस भव्य व दिव्य आयोजन के लिए बालाजी का पूजन कर ध्वज पूजन किया फिर कथा स्थल पर यज्ञ भूमि का पंचगव्य से प्रोक्षण किया भूमि पूजन कर सभी भक्तों को पीले चावल व निमंत्रण देकर इस आयोजन का आगाज हुआ जिसमे वैदिक मंत्रोच्चार से वैदिक ब्राहणों द्वारा वैदिक विधान से पूजन सम्पन्न हुआ जिसमे पंडित राकेश शास्त्री वैदिक प्रदीप शास्त्री व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे श्री माता दीन ,विजय कुमावत ,रामचन्द्र , बाबूलाल प्रमोद नेहरा अजय जोशी गौरव डीडवानिया मोहन सिह नाथावत महेंद्र सिह नाथावत बालाजी के अनन्य भक्त व कार्यकर्ता रहे।

## फतेह बालाजी के पौष बड़ा महोत्सव मंगलवार को

जयपुर टाइम्स

**सीकर,** पुराना दूजोद गेट में सिद्धपीठ श्री फतेह बालाजी धाम में मंगलवार 9 दिसंबर को पौष बड़ा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा । सायंकाल बालाजी महाराज को गरमा गरम बड़ों का भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया जाएगा। सभी भक्तगण मंदिर में प्रसाद लेने पधारे।

# प्रयास संस्थान ने किया पांच राजस्थानी के साहित्यकारों का सम्मान

### हमें आपस में मायड़ भाषा में बात करनी चाहिएः लखावत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत चूरू आए और जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र में प्रयास संस्थान की ओर से आयोजित राजस्थानी साहित्यकार सम्मान समारोह में शिरकत कर साहित्यकारों का सम्मान किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए हम सतत् प्रयत्नशील हैं। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्द्धन के लिए भी प्रयास हम सभी को करना होगा। हमें आपस में अपनी मायड़ भाषा में बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भाषा और संस्कृति की बात आए, सभी मतभेद भुलाकर एक होना चाहिए। इस अवसर पर उन्हें बतौर राज्यसभा सांसद सदन में राजस्थानी भाषा को मान्यता दिए जाने संबंधी मुद्दे उठाए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार भोजपुरी और राजस्थानी को मान्यता देने के लिए तैयार है, लेकिन प्रक्रिया का पालन होने में कई बार देर हो जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार साहित्य, भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर कार्यशील है। राजस्थानी भाषा हमारी पहचान, गौरव और ऐतिहासिक धरोहर का केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण लोकदेवता तेजाजी, महाराणा प्रताप, मीराबाई, करमा बाई, पाबूजी के विचारों, गीतों सहित अपनी समृद्ध विरासत व धरोहर के संरक्षण के लिए कार्ययोजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से मेड़ता में मीराबाई भक्ति सर्किट के निर्माण की प्रक्रिया कर रही है। इसमें सभी लोक देवी–देवताओं की भक्ति रचनाओं को आधुनिक तकनीकी विधाओं के ?माध्यम से प्रदर्शित करने की कार्ययोजना पर गंभीरता से विचार कर रही है और उसकी तकनीकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में महाराणा प्रताप के सर्किट सहित महापुरूषों के पैनोरमा व स्मारकों के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्थानी भाषा की मान्यता के बारे में चर्चा करते हुए लखावत ने कहा कि हम राजस्थानी भाषा में समृद्ध साहित्य पर सामूहिक रूप से सभी वर्गों के साथ मिलकर योजना को सफल बनाने में लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में दिया जाना प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषा व बोलियों में पाठ्यक्रम तैयार कर प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है। मातृभाषा की समृद्धि के लिए उठाया गया बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि हम सभी वचनबद्ध होकर सामूहिक प्रयासों से समाज को समृद्ध विरासत दें। उन्होंने कहा कि साहित्यकार अपने लेखन से आने वाली पीढ़ियों को न केवल भाषा से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें सांस्कृतिक जड़ों से भी परिचित कराते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीकानेर से आए साहित्यकार हरीश बी. शर्मा ने कहा कि राजस्थानी की मान्यता के लिए जन आंदोलन खड़ा करना होगा। यह अच्छा है कि सरकार मान्यता के विषय पर सोच रही है, लेकिन जनचेतना के बगैर यह काम लंबित ही रहेगा। प्रयास संस्थान के अध्यक्ष दुलाराम सारण ने इस अवसर पर प्रयास संस्थान द्वारा आयोजित किए जाने वाले समारोह में अब तक सम्मानित होने वाले साहित्यकारों की जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा और साहित्य के विकास हेतु सरकार के और प्रयास जरूरी है। इस अवसर पर साहित्यकार नागराज शर्मा को कन्हैयालाल रतनलाल पाराख सहित्य पुरस्कार, डॉ.मदन सैनी को बैजनाथ पंवार कथा साहित्य पुरस्कार, संतोष चौधरी को सावित्री चौधरी खुमसिंह साहित्य पुरस्कार, सगमानंद को मोहन आलोक साहित्य पुरस्कार, जेठानंद पंवार को दुर्गेश युवा साहित्य पुरस्कार अर्पित किया गया। सम्मान स्वरूप प्रशस्ति–पत्र, माल्यार्पण, साफा पहनाकर सम्मानित किया। साहित्यकार नागराज शर्मा, संतोष चौधरी, मदन सैनी, सगमानंद, जेठानंद आदि वक्ताओं ने अपनी रचना प्रक्रिया पर बात की। इस दौरान बड़ी संख्या में साहित्यकार, साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालन कमल शर्मा ने किया। आभार साहित्यकार उम्मेद गोठवाल ने जताया।

## भोजपुरी स्टार पवन सिंह को गैंगस्टर लॉरेंस से मिली धमकी, सलमान के साथ मंच शेयर नहीं करने की चेतावनी


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रसिद्ध भोजपुरी स्टार पवन सिंह को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से धमकी मिली ,है इस संबंध में पवन सिंह ने सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस को मौखिक रूप से अवगत करवा दिया है। इसके बाद पुलिस ने उनकी सुरक्षा भी बढ़ा दी है पवन सिंह फिलहाल मुंबई में है और शनिवार को बिग बॉस 19 का ग्रांड फिनाले हो रहा है जिसमें पवन सिंह गेस्ट की सूची में शामिल है। यह कार्यक्रम शनिवार की रात ही प्रसारित होगा इसलिए कार्यक्रम के प्रसारित होने से पहले ही जिस तरह से पवन सिंह को धमकी मिली है उसके बाद पवन सिंह के फैंस में पवन सिंह की सुरक्षा को लेकर चिंता भी छा गई है। पवन सिंह ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बिग बॉस के कार्यक्रम में गेस्ट के रूप में शामिल होने की जानकारी दी थी। बिग बॉस के शनिवार के कार्यक्रम में देसी और ग्लैमर दोनों अंदाज देखने को मिलेंगे इसलिए इस कार्यक्रम को लेकर दुनिया भर के लोगों में काफी उत्साह बना हुआ था इस बीच लॉरेंस गैंग की ओर से पवन सिंह को धमकी दिए जाने के बाद कहीं ना कहीं मुंबई में मौजूद पवन सिंह की सुरक्षा को लेकर उनके समर्थक काफी चिंतित हैं। जानकारी के अनुसार लॉरेंस गैंग की ओर से पवन सिंह को फोन पर मैसेज दिया गया है कि सलमान खान के साथ मंच शेयर नहीं करें आप जो यह कर रहे हैं उसे तुरंत बंद करें इस मैसेज के बारे में पवन सिंह ने मुंबई पुलिस को अवगत भी करवाया है। इसके बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है उल्लेखनीय है कि फिल्म स्टार सलमान खान लॉरेंस ग्रुप के निशाने पर हैं। काले हिरण मामले में लॉरेंस बिश्नोई सलमान खान को पूरी तरह से दोषी मानता है लॉरेंस बिश्नोई ने पहले सलमान खान को कहा भी था कि अगर वह सार्वजनिक रूप से अपने कृत्य के लिए माफी मांग लेता है तो वह उसे माफ कर देगा अन्यथा खून का बदला खून। सलमान खान के आवास पर पूर्व में फायरिंग भी हो चुकी है इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल विश्नोई को विदेश से गिरफ्तार करके भारत लाया गया है। लेकिन लॉरेंस बिश्नोई भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में अब अपराध जगत का बड़ा नाम हो चुका है। लॉरेंस फिलहाल भारत की जेल में बंद है लेकिन उसका नेटवर्क बहुत ही तगड़ा और मजबूत है जिसकी वजह से उसकी गैंग की ओर से दी जाने वाली प्रत्येक धमकी को पुलिस हमेशा गंभीरता से लेती है ।

## पैंथर ने घर के आंगन में अलाव से बदन ताप रहे किशोर पर बोला हमला, ग्रामीणों ने मकान में पैंथर को किया बंद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जंगल से आवासीय बस्तियों में पैंथर के मूवमेंट की खबरें आजकल सुर्खियों में है । राजधानी जयपुर में ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई अन्य हिस्सों में भी पैंथर जंगल से निकलकर आजकल आवासीय बस्तियों में जा रहे हैं और पालतू जानवर ही नहीं बल्कि छोटे बच्चों और इंसानों पर भी हमला कर रहे हैं । इसी तरह का एक ताजा मामला प्रदेश के बांसवाड़ा जिले के कलिंदर थाना इलाके के इंजरी देहरा गांव में देखने को मिला जहां पर घर के आंगन में अलाव से बदन ताप रहे एक किशोर पर पैंथर ने हमला बोला जिसकी वजह से वह मौके पर ही घायल हो गया । इस बीच घर में मौजूद अन्य लोगों ने आसपास के लोगों के सहयोग एवम फुर्ती से पैंथर को मकान के एक कमरे में बंद कर दिया और फिर पुलिस प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना भेजी इसके बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे वन विभाग ने ट्रेंकुलाइज कर पैंथर को काबू में किया और फिर उसे वापस जंगल में छोड़ दिया गया । जानकारी के अनुसार प्रदेश के बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, राजसमंद, उदयपुर, झालावाड़, कोटा जैसे जिलों में पैंथर का जंगल से निकलकर आवासीय बस्तियों में आना कोई नई बात नहीं है समय-समय पर इस तरह की घटना देखने को मिलती है। हालांकि वन विभाग ने पैंथर के मूवमेंट को रोकने के लिए जंगल में तारबंदी भी की हुई है लेकिन यह भी सत्य है कि इस तारबंदी को कई बार जंगल से चोरी छुपे लकड़ी काटने वाले लोग और जंगली जानवरों का शिकार करने वाले लोग तारबंदी को मौका देखकर तोड़ देते हैं या फिर उसमें गैप बना देते हैं जो फिर पैंथर और अन्य जंगली जानवरों के जंगल से बाहर निकलने में सहायक साबित होते हैं । इसीलिए इन जिलों में अक्सर वन्य जीव और पैंथर जंगल से निकल जाते हैं । कई बार पानी और भूख मिटाने के लिए भी यह पैंथर जंगल छोड़कर आवासीय बस्तियों में चले जाते हैं पहले राजधानी जयपुर में इस तरह की घटनाएं देखने को नहीं मिलती थी लेकिन राजधानी जयपुर में भी जलाना और नाहरगढ़ की पहाड़ियों में वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए जंगल का विस्तार किया गया, विकसित किया गया इसलिए जयपुर में भी पैंथर के मूवमेंट आजकल मीडिया की सुर्खियों में बने हुए हैं ।

## गोवा के नाइट क्लब में आग, 25 लोग जिंदा जले, राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गोवा के अरपोरा विलेज के नाइट क्लब में शनिवार की रात करीब 12:00 बजे आग लगी इसमें 25 लोगों के जिंदा जलने की खबर मिली है। अधिकारियों के मुताबिक नॉर्थ गोवा के बर्थ बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में शनिवार की रात करीब 12:00 आग लगी और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गोवा के पुलिस प्रमुख आलोक कुमार ने कहा कि सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद तमाम लोग जान बचाने के लिए बेसमेंट की ओर भागे और वहीं धुआं भरने के कारण दम घुटने की वजह से 20 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में खबर लिखे जाने तक 25 लोगों की जान जाने के समाचार मिले हैं और कई लोगों का अस्पताल में उपचार भी चल रहा है । रोमियो लेन क्लब चैन में रेस्टोरेंट बार रिजॉर्ट और अन्य प्रॉपर्टी है पुलिस ने इस केस में गैर इरतन हत्या का मामला दर्ज किया है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि क्लब में आग से निपटने के पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे हम क्लब प्रबंधन और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने सुरक्षा मान्यताओं का उल्लंघन करने के बावजूद इसे संचालित करने की अनुमति दी। गोवा में पर्यटन के चरम मौसम के दौरान यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है हम घटना की विस्तृत जांच करेंगे और दोस्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मरने वालों में ज्यादातर किचन में काम करने वाले कर्मचारी थे। नाइट क्लब में आग से निपटने के लिए नियमों का पालन नहीं हो रहा था। लापरवाह अफसर ने क्लब को चलाने की अनुमति दी थी राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे को लेकर गहरा दुख प्रकट किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके कहा कि उत्तरी गोवा जिले में हुई दुखद आज की घटना से अत्यंत दुखी हूं जिसमें कई बहुमूल्य जान चली गई शोक संतृप्तपरिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करें मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने शोक संदेश में कहा कि गोवा में हरपुर में हुई आग दुर्घटना बेहद दुखद है मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ है जिन्होंने अपने प्रिय जनों को खो दिया है घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं मैं गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत से स्थिति के बारे में बात की है राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को200000 और घायल को 50000 रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की है ।

## विख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट हिरासत में, मुंबई से उदयपुर लाया जा रहा

### उदयपुर में एक डॉक्टर से 30 करोड रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने भट्ट को लिया हिरासत में

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर पुलिस ने विख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट को 30 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में मुंबई में हिरासत में ले लिया है। उदयपुर पुलिस की टीम विक्रम भट्ट को मुंबई से उदयपुर ला रही है। विक्रम भट्ट की गिरफ्तारी के बाद मुंबई फिल्म जगत से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है । विक्रम भट्ट कई बड़ी फिल्में बन चुके हैं लेकिन उन पर उदयपुर के एक डॉक्टर ने धोखाधड़ी का जो बड़ा आरोप लगाया उसके बाद उनकी छवि पर विपरीत असर पड़ा है और मुंबई फिल्म उद्योग के लिए भी यह खबर ठीक नहीं मानी जा सकती । जानकारी के अनुसार पिछले दिनों उदयपुर के एक विख्यात डॉक्टर ने विक्रम भट्ट और कुछ लोगों पर 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया था पुलिस में दर्ज करवाए गए मामले में पीड़ित डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि विक्रम भट्ट ने फिल्म निर्माण में 200 करोड रुपए कमाने का झांसा देकर उनसे कई किस्तों में पैसे लिए लेकिन उन्होंने अपने वादे के मुताबिक पैसे रिटर्न नहीं किया। हालांकि न्यूज़ चैनल पर मीडिया से बातचीत के दौरान विक्रम भट्ट ने डॉक्टर की ओर से लगाए गए तमाम आरोप को गलत बताया और कहा था कि इस मामले में पुलिस को गुमराह किया गया है और कहीं ना कहीं जाली दस्तावेज भी पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। जब जांच होगी तो सब निकलकर सामने आएगी उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर ने विराट फिल्म का निर्माण बीच में ही रोक दिया और उनके टेक्नीशियन को अब तक करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं किया है । शायद यह भुगतान नहीं करने के लिए ही डॉक्टर ने उन पर प्रेशर बनाने के लिए इस तरह का मामला दर्ज करवाया है। बात चाहे कुछ भी हो लेकिन जिस तरह से उदयपुर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और मामले की जांच पड़ताल करते हुए विक्रम भट्ट को मुंबई से हिरासत में लिया है उससे कहीं ना कहीं ऐसा दिख रहा है कि आने वाले समय में विक्रम भट्ट की परेशानी काफी बढ़ सकती है ।

## सर्दी बढ़ने के बाद शहर में शुरू हुई एक के बाद एक चोरियां

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में आए दिन चोरियों की वारदात होने लगी है। सर्दी बढ़ने के साथ ही चोर सक्रिय हो गए और हालात ये हैं कि पिछली चोरी खुलने से पहले ही चोर नई वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। शिवबाड़ी के सामने रहने वाले आईपीएस रिश्तेदार के यहां पर चोरी की वारदात का अब तक खुलासा ही नहीं हुआ था कि अब इसी मोहल्ले में एक और चोरी की वारदात सामने आ गई है। जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल पुत्र धन्नाराम प्रजापत, जो वार्ड न. 28 में रहते हैं। कन्हैयालाल ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया है कि मैं 13 दिनों से दांतारामगढ़ में परिवार सहित था। लेकिन 7 दिसम्बर को जब दोपहर में सुजानगढ़ आया, तो मैंने घर में कमरों के ताले टूटे हुए पाए और आलमारियों का सामान बिखरा हुआ पाया। रिपोर्ट में बताया गया है कि चोर उसके घर से 45 हजार नकद, दो जोड़ी पाजेब, दो सिक्के, दो बिछुड़ी चोरी कर ले गए। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। इसी प्रकार आरडीएस स्कूल के पिछे स्थित बगीची में चांदी के छतर चोरी हो जाने की जानकारी मिली है। जिससे पता चलता है कि चोर अब मंदिर बगीचीयों का भी शर्म, लिहाज नहीं कर रहे हैं। हैड कांस्टेबल सत्यनारायण, कांस्टेबल विक्रम रोलण ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## राज्यपाल ने किया विद्याभारती क्षेत्रीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विद्याभारती संगठन नहीं भारत में संस्कार निर्माण से जुड़ी शिक्षण संस्कृति है। उन्होंने कहा यह शिक्षा प्रदान करने से जुड़ा राष्ट्र का सबसे बड़ा गैर सरकारी संस्थान ही नहीं है। बल्कि यह विद्यार्थियों के चरित्र को गढ़ने वाला राष्ट्रीय अभियान है। बागडे रविवार को विद्याभारती क्षेत्रीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्याभारती संगठन के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि गोरखपुर में नानाजी देशमुख की प्रेरणा से भारतीय मूल्यों और संस्कृति पर आधारित युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने की सोच से पहला सरस्वती शिशु मंदिर स्थापित हुआ। बाद में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के रूप में विद्याभारती संस्थान के तहत देशभर में विद्यालयों की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करने में आज विद्याभारती महती भूमिका निभा रहा है। यह संगठन रटंत-आधारित शिक्षा को समाप्त कर नवाचार-केंद्रित शिक्षा के प्रसार में जो भूमिका निभा रहा है, वह अतुलनीय है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में विद्या भारती विद्यालयों की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के अंतर्गत छात्रों को अनुभव और अनुकरण के माध्यम से सीखने को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्या भारती प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपराओं को एकीकृत करते हुए मूल्य-आधारित शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय जागरूकता के लिए जो कार्य करता आ रहा है, उसका प्रभावी प्रसार भी दूसरे क्षेत्रों में हो। राज्यपाल ने दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर विद्या भारती द्वारा ग्रामीण, वनवासी, पर्वतीय और झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में शिशु वाटिकाओं से उच्च शिक्षा तक की सुविधा प्रदान करने में निभाई जा रही भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इससे पहले राज्यपाल ने विद्याभारती के क्षेत्रीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने धरती आबा बिरसा मुंडा को याद करते उन्हें नमन किया।

# इंडिगो का संकट: एकाधिकार और देश की उड़ान पर खतरा



प्रो. आरके जैन
'अरिजीत',
बड़वानी (मप्र)

*मुंबई में टिकट 48-93 हज़ार और बेंगलुरु में 80-92 हज़ार तक पहुँच गई। एक माँ अपनी बीमार बेटी के साथ दिल्ली नहीं पहुँच पाई। एक स्टार्टअप फाउंडर 2 करोड़ की फंडिंग राउंड चूक गया। यह केवल आंकड़े नहीं; यह टूटते सपनों और जीवन की कहानियाँ हैं। सच्चाई यह है कि सस्ती उड़ानों का सपना पूरा करने के चक्कर में हमने हवाई यात्रा की रीढ़ ही तोड़ दी। पिछले दो वर्षों में इंडिगो के चालीस से अधिक विमान जमीन अभी भी प्रैट एंड व्हिटनी इंजन की खराबी के कारण ग्राउंडेड हैं। नए विमानों के आदेश में देरी और वैकल्पिक योजना की कमी ने हालात और गंभीर बना दिए। स्पाइसजेट दिवालिया होने की कगार पर है। विस्तारा और एयर इंडिया का विलय 2024 में पूरा हो चुका है, लेकिन एकीकरण प्रक्रिया अभी जारी है। अकासा तेजी से नई उड़ानें शुरू कर रही है, लेकिन अभी उसका प्रभाव सीमित है। परिणाम स्पष्ट है–इंडिगो की एक छींक पूरे क्षेत्र को हिला देती है।*




कभी आसमान आम आदमी का सपना था। आज हवाई यात्रा केवल अमीरों का खेल बन गई है। दिल्ली से चेन्नई का 9 हज़ार का टिकट अचानक 60-80 हज़ार तक पहुँच गया। यह केवल किराया नहीं, यह भारतीय एविएशन की नग्न सच्चाई का उद्घोष है। इंडिगो का हालिया मेल्टडाउन कोई आकस्मिक घटना नहीं; यह उस कमजोर ढांचे की चेतावनी है जिस पर वर्षों तक भरोसा किया गया। जब एक ही कंपनी के पास 63' से अधिक बाज़ार होता है, तो उसकी गड़बड़ी पूरे देश को हिला देती है। सबक साफ है–जब सारा दांव एक घोड़े पर होगा, और वह घोड़ा लंगड़ा हो, तो पूरा देश लंगड़ाएगा। इंडिगो कभी 'लो-कॉस्ट किंग' थी। आज वही किंग बिना ताज और बिना तैयारी के संकट के बीच नंगा खड़ी है। नया एफडीटीएल (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियम आया–पायलटों को पर्याप्त आराम मिले। यह सही कदम है, लेकिन तैयारी न के बराबर थी। परिणाम भयानक रहा। पायलटों की भारी कमी, क्रू शॉर्टेज और सिस्टम क्रैश ने दिल्ली के मुख्य हब से उड़ानों को रद्द कर दिया। मुंबई में टिकट 48-93 हज़ार और बेंगलुरु में 80-92 हज़ार तक पहुँच गई। एक माँ अपनी बीमार बेटी के साथ दिल्ली नहीं पहुँच पाई। एक स्टार्टअप फाउंडर 2 करोड़ की फंडिंग राउंड चूक गया। यह केवल आंकड़े नहीं; यह टूटते सपनों और जीवन की कहानियाँ हैं। सच्चाई यह है कि सस्ती उड़ानों का सपना पूरा करने के चक्कर में हमने हवाई यात्रा की रीढ़ ही तोड़ दी। पिछले दो वर्षों में इंडिगो के चालीस से अधिक विमान जमीन अभी भी प्रैट एंड व्हिटनी इंजन की खराबी के कारण ग्राउंडेड हैं। नए विमानों के आदेश में देरी और वैकल्पिक योजना की कमी ने हालात और गंभीर बना दिए। स्पाइसजेट दिवालिया होने की कगार पर है। विस्तारा और एयर इंडिया का विलय 2024 में पूरा हो चुका है, लेकिन एकीकरण प्रक्रिया अभी जारी है। अकासा तेजी से नई उड़ानें शुरू कर रही है, लेकिन अभी उसका प्रभाव सीमित है। परिणाम स्पष्ट है–इंडिगो की एक छींक पूरे क्षेत्र को हिला देती है। यह केवल एकाधिकार नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे की चेतावनी है। सुधार की शुरुआत तभी होगी जब हम एकाधिकार के खतरे को गंभीरता से समझें। टाटा को अपने विमान बेड़े में तेजी से तीन सौ नए विमान शामिल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। अकासा को अपने 222 विमानों के मौजूदा ऑर्डर को तेजी से पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। नए निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लाइट राइट्स को पूंजी बाजार में लाना अनिवार्य है। इससे न केवल प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, बल्कि यात्रियों के लिए विकल्प और किरायों में स्थिरता भी आएगी। सिर्फ़ कंपनियों को विस्तार देने से ही काम नहीं चलेगा। हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे पर भी तेज़ी से काम करना अनिवार्य है। जेवर, नवी मुंबई और 2030 तक बनने वाले पचास नए हवाई अड्डे केवल इमारतें नहीं हैं; ये पूरे भारतीय हवाई नेटवर्क की जीवन रेखा हैं। भीड़भाड़ वाले हबों को कम करना, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाना और लॉजिस्टिक सिस्टम को मज़बूत करना अब सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे देशभर में उड़ानों की सुगमता बढ़ेगी और एयरलाइंस के संचालन में स्थिरता सुनिश्चित होगी। साथ ही, पायलटों की गंभीर और लगातार बढ़ती कमी को तुरंत और प्रभावी ढंग से दूर करना अनिवार्य है। वर्तमान में भारत में लगभग दस-बारह हजार सक्रिय पायलट हैं, जबकि 2030 तक यह संख्या बीस हजार से अधिक होना चाहिए, ताकि देश का घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई नेटवर्क सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके लिए नई उड़ान अकादमियाँ खोली जानी चाहिए और मौजूदा प्रशिक्षण क्षमता को कई गुना बढ़ाना होगा। साथ ही, लड़कियों को प्रोत्साहित करने और महिला पायलटों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। यह केवल संख्या का सवाल नहीं है; यह उद्योग की मजबूती और समाज में समान अवसरों की अनिवार्यता का प्रतीक है। किराया नियंत्रण पर भरोसा करना समाधान नहीं है। आज टिकट साठ-पैंसठ हज़ार इसलिए हैं क्योंकि सप्लाई कम है, मांग नहीं। सप्लाई बढ़ाओ–नए विमान, नई एयरलाइंस, सुचारु संचालन–और किराया अपने आप आठ हज़ार तक नीचे आ जाएगा। यह अर्थशास्त्र का बुनियादी नियम है, जिसे हम भावनाओं और तात्कालिक निर्णयों में भूल चुके हैं। यह संकट दर्द ज़रूर दे रहा है, लेकिन यह शायद आखिरी ऐसा दर्द हो सकता है। अगर सरकार और उद्योग ने आज साहस दिखाया, तो 2027 तक भारत का घरेलू हवाई नेटवर्क दुनिया का सबसे मजबूत, सबसे सस्ता और सबसे विविध नेटवर्क बन सकता है। साठ-अस्सी हज़ार का टिकट हमें यह कटु सच याद दिला रहा है कि आसमान किसी एक कंपनी की जागीर नहीं हो सकता। सस्ती उड़ान का सपना तभी साकार होगा जब उसे किसी एकाधिकार की दया, मनमानी और कमजोरी पर निर्भर न रहने दिया जाए। आकाश किसी एक का नहीं–वह हम सबका अधिकार है, हमारी सामूहिक उम्मीद है। अब फैसला हमारे हाथ में है। या तो हम अपना आसमान वापस छीनकर संतुलित, मजबूत और न्यायपूर्ण व्यवस्था बनाएँ, या फिर हमेशा ज़मीन पर खड़े होकर महँगी उड़ानों के सामने बेबस आँसू बहाते रहें।

सम्पादकीय

## कानून व्यवस्था और सुशासन पूरी तरह बेअसर



बिहार में नई सरकार को सत्ता संभाले अभी कुछ ही समय हुआ है, लेकिन एक के बाद एक जघन्य वारदात से आम लोग सहम गए हैं। हत्या की लगातार घटनाओं से ऐसा लगता है कि एक नया 'जंगलराज' अपने पांव पसार रहा है। जबकि चुनाव से ठीक पहले राजग गठबंधन ने पुराने कथित जंगलराज का बार-बार हवाला देकर अपराधमुक्त बिहार बनाने का दावा किया था और कहा था कि राज्य में अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है। बावजूद इसके अगर अपराध बेलगाम दिख रहा है, तो इसकी क्या वजह है? राज्य के अररिया जिले में बुधवार को एक युवा शिक्षिका की हत्या से कानून व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। बच्चों को पढ़ाने विद्यालय जा रही शिक्षिका की बीच सड़क पर रोक कर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, शिक्षिका को पहले से ही धमकाया जा रहा था। बिहार की नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार अपने महिला हितैषी होने का दावा बढ़-चढ़ कर करती रही है। मगर शिक्षिका की हत्या के बाद राज्य में महिलाओं की सुरक्षा का सवाल फिर कठघरे में है। गौरतलब है कि राज्य के नए गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने हाल ही में कहा था कि बिहार अपराधियों के लिए नहीं है और उन्हें राज्य छोड़कर जाना होगा। मगर अपराधियों ने कानून-व्यवस्था पर जिस तरह चोट किया है, उससे साफ है कि उनमें कानून का खौफ नहीं है। बीते एक पखवाड़े के दौरान राज्य में पैंतालीस से ज्यादा हत्या की खबरें आईं। पटना और गया से लेकर अररिया और सीवान सहित कई जिलों में जघन्य वारदात हुई। राज्य सरकार के मंत्री जिस तरह अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उनको सलाखों के पीछे भेजने के दावे कर रहे थे, वह एक तरह से खोखला नजर आ रहा है। सुशासन के दावों के उलट राज्य में न केवल अपराधों के ग्राफ में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, बल्कि अपराधी भी बेखौफ हो गए दिखते हैं। सवाल है कि चुनावों के दौरान जंगलराज की याद दिला कर लोगों को अपना समर्थन करने के लिए प्रेरित करने वाले दल आखिर बेलगाम अपराध और अराजकता को कैसे परिभाषित करते हैं!

# उत्सवों की सूखती त्रिवेणी



डॉ विजय गर्ग

कला का रिश्ता संगीत से है और विध्वंस का शोर से। और जब त्योहारों और पारिवारिक उत्सवों में संगीत के स्थान पर शोर कब्जा कर ले, तब इसमें क्या शक रह जाता है कि कला के ऊपर विध्वंस हावी हो चुका है । हमारे आसपास और दूरदराज की दुनिया इसका उदाहरण बन चुकी है। पिछले चार दशकों के दौरान यह दुनिया तेजी से बदली है। मनुष्य ने अपने जीवन से कलात्मक संघर्ष के सारे अवसर समाप्त कर दिए हैं। दिवाली के दीये पूरी रात नहीं जलते रह सकते थे । उनका होना अंधेरे के प्रतीकात्मक रूप से जूझ कर दिखाना भर था । उस रोशनी में एक सुकून से भरा एक आनंद था, लेकिन स्वीकार्यता भी थी । यह स्वीकार्यता कहती थी कि हार मानना भी नहीं है और हार को पचा जाना भी सीखना है। मनुष्य के भीतर का यह बोध उसे एक तरफ तो अहंकार से बचाता था और दूसरी ओर उसी अंधेरे की बांह में सिमटकर चैन की नींद सो जाना भी सिखाता था। मनुष्य अंधेरे से जितना डरता और घबराता था, उतने भर की रोशनी भी जुगाड़ कर लेता था, लेकिन कालांतर में उसने अंधेरे को जीत लेने का प्रण ठान लिया । दिवाली और आसपास के सब त्योहार बीत जाने पर भी बिजली की लड़ियां बालकनी में लटकी दिप-दिप करती दिख जाती हैं। कई जगहों पर भयानक विराट उजाले में भी उन्हें न जाने किससे लड़ने को छोड़ा गया है । कभी एक कतरा अंधेरा किसी कोने से दबा- छिपा गुजरता भी होगा, तो व्यंग्य भरी मुस्कान के साथ कहता होगा कि 'रहो भाई, तुम्हीं रहो, हम तो चले पाताल' । मनुष्य शायद भूल गया कि जिसे जीतना था, वह तो अपने भीतर का भय, आतंक और अहंकार रूपी अंधेरा था, लेकिन वह तो उल्टे कई-कई गुना बढ़ गया। हुआ यह कि बाहर का भौतिक अंधेरा धरती और आसमान दोनों से मिट गया। जिस चांद और तारों से भरे आसमान को देखकर मनुष्य भीतर कलात्मकता का सागर उमड़ता था, अब वह आसमान धूल में नहाया हुआ और कई बार खीझा हुआ दिखाई पड़ता पवित्र हिमालय की श्वेत चादर हमारे कीचड़ सने पैरों से मैली हो चुकी है। आसमान भी कुछ ऐसी ही कीचड़ से भरी टूटी- फूटी गली जैसा दिखाई देता है । यों भी, उधर अब देखता ही कौन है ? क्या हम रोशनी का अनुपात भूल गए ? आखिर कितनी रोशनी चाहिए हमें जिंदा रहने के लिए? क्या उसकी कोई सीमा नहीं? इतनी रोशनी बढ़ गई है कि अब वह वक्त दूर नहीं जब लोग, खासकर शहरों में रहने वाले लोग, अंधकार के अधिकार के लिए कोर्ट-कचहरी करते नजर आएंगे। यह एक कल्पनात्मक स्थिति है, लेकिन प्रकृति के उतार-चढ़ावों को समझने लिए किसी सिरे की तो जरूरत होगी ! इस अपार रोशनी के शोर ने हमारी चेतना को बहरा कर दिया है। क्या हमने कभी उन पार्टियों में शिरकत की है, जहां नीम अंधेरे में संगीत का भयानक शोर मानव शरीर को कंपायमान कर देता है ? गजब बात यह कि इसे भी संगीत कहा जाता है, लेकिन हर वह चीज जिसमें गति और लय होती है, क्या वह मनुष्य के जीवन के लिए कल्याणकारी है ? अगर ऐसा है तो क्या हम शिव के तांडव की कामना करना चाहेंगे? नहीं, क्योंकि वह संगीत विध्वंस और संहार का है । वह मनुष्य के लिए नहीं । हर व्यक्ति यह समझने के लिए मनोवैज्ञानिक नहीं हो सकता, लेकिन बारूद से उपजते शोर और प्रकाश को मनुष्य ने कब और कैसे अपने उत्सव और आनंद से जोड़ लिया, यह मनोवैज्ञानिक शोध का विषय है। हमारे पूर्वजों ने उत्सवों को नृत्य और संगीत से जोड़ा, कलात्मक सृजन से जोड़कर भूमि और भित्तियों को सजाने से जोड़ा, अन्न और अग्नि के संबंध को बनाकर सुस्वादु रसों की निष्पत्ति से जोड़ा, मन और शरीर दोनों के शुद्धिकरण और सौंदर्यीकरण से जोड़ा, एक दूसरे के प्रति क्षमाभाव से जोड़कर सामाजिकता को मजबूत करने से जोड़ा! और आज हम उत्सव की सात्विकता को शोर और चकाचौंध के किस दलदल में धकेल आए हैं, जहां या तो मानवीय सौंदर्यबोध का विनाश है या फिर सामाजिक दायित्वबोध का । क्या अब हमने उत्सव के दिनों में स्वार्थ और बेवकूफी की पट्टी नहीं बांध ली है और ऊपर से वह शोर भी हावी कर लिया है, जहां किसी जीव की आंखों में जलता हुआ धुआं भी देखने के लिए हम अयोग्य साबित हो चुके हैं। उत्सवों को हमने शोषण और दोहन का अवसर बना दिया है। ये सामाजिक हाशियाकरण के औजार बन गए हैं। प्रदर्शन और अहंकार इसके नए स्थापित आयाम हैं । अपार शोर और बाजार के विराट स्वरूप के नीचे, बल्कि बहुत नीचे संवेदना, कलात्मकता और आनंद की धारा लुप्त हो गई है। इस त्रिवेणी पर उत्सव का आयोजन तो बड़ा भारी है, लेकिन जल की एक बूंद भी नहीं है । आज कबीर होते, तो इस बात पर रो देते । वे अपनी जलती हुई लुकाठी लेकर इन मुर्दों की भीड़ को खदेड़ देते और अपने हाथों से त्रिवेणी की मिट्टी को तब तक कुरदते, जब तक उन्हें वहां सोई हुई सरिता नहीं मिल जाती। वे इस उत्सव की त्रिवेणी को फिर से चांदी से चमकते जल से भर देते, जिसमें मनुष्य अपना मुख धोकर चैतन्य हो पाता। तो कबीर कहां हैं? क्या हम सबको अपने भीतर झांक कर नहीं देखना चाहिए !

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

# डिग्री से परे शिक्षा: क्यों कौशल-आधारित सीखना भविष्य है

डॉ विजय गर्ग

काम की दुनिया एक अभूतपूर्व गति से बदल रही है, जो तकनीकी व्यवधान, स्वचालन और नए युग के करियर के उद्भव से प्रेरित है। इस तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में, पारंपरिक चार साल की कॉलेज डिग्री, जबकि अभी भी मूल्य धारण कर रही है, पेशेवर क्षमता के एकमात्र मार्कर के रूप में चुनौती दी जा रही है। कौशल-आधारित शिक्षा भविष्य की तत्परता के सच्चे उपाय के रूप में उभरी है, जो पेपर योग्यता से व्यावहारिक क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करती है। शिफ्ट: क्रेडेंशियल्स पर कौशल पीढ़ियों से, एक कॉलेज की डिग्री को एक स्थिर कैरियर के लिए स्वर्ण टिकट माना जाता था। आज, हालांकि, नियोक्ता केवल शैक्षणिक क्रेडेंशियल्स की तुलना में व्यावहारिक कौशल और अनुभव को प्राथमिकता दे रहे हैं। क्यों डिग्री अब पर्याप्त नहीं हैं तेजी से अप्रचलितता: एक पारंपरिक डिग्री के पहले वर्ष में सिखाया जाने वाला ज्ञान और कौशल उस समय तक अप्रचलित हो सकता है जब कोई छात्र स्नातक होता है, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी जैसे तेज-गति वाले क्षेत्रों में। सिद्धांत-अभ्यास अंतराल: पारंपरिक शिक्षा अक्सर सैद्धांतिक अवधारणाओं पर जोर देती है, अकादमिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया की नौकरियों में आवश्यक व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच एक अंतर पैदा करती है। पाठ्यपुस्तकें पुरानी हो सकती हैं, और प्रोफेसरों के पास वर्तमान उद्योग का अनुभव नहीं हो सकता है। समय और लागत: पारंपरिक कार्यक्रम लंबे होते हैं (3-5 वर्ष) और अक्सर एक उच्च वित्तीय बोझ के साथ आते हैं, जिससे महत्वपूर्ण शैक्षिक ऋण होता है। कौशल-प्रथम नियुक्ति का उदय बढ़ती संख्या में कंपनियां नियुक्ति के लिए 'कौशल-पहले' दृष्टिकोण अपना रही हैं। भर्तीकर्ता विश्वविद्यालय के नाम से कम प्रभावित होते हैं और उम्मीदवार के कार्य पोर्टफोलियो, सूक्ष्म क्रेडेंशियल्स, और प्रदर्शित योग्यताओं (जैसे कोडिंग, डेटा विश्लेषण, रचनात्मक सोच, या प्रभावी संचार) में अधिक रुचि रखते हैं। यह प्रवृत्ति उन पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता से प्रेरित है जो 'ग्राउंड रनिंग को मार सकते हैं' और पहले दिन से प्रभावी ढंग से योगदान दे सकते हैं। कौशल-आधारित शिक्षा के मुख्य लाभ कौशल-आधारित शिक्षा एक शैक्षिक मॉडल है जो केवल 'क्या' के बजाय 'कैसे' पर केंद्रित है यह व्यक्तियों को समस्याओं को हल करने और नवाचार करने के लिए आवश्यक विशिष्ट, उद्योग-संबंधी दक्षताओं से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 1। बढ़ी हुई रोजगार क्षमता और कैरियर स्थिरता उद्योग प्रासंगिकता: पाठ्यक्रम चुस्त हैं और नियोक्ताओं की वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्नातक नौकरी-तैयार हैं और मांग में कौशल रखते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर शिष्टाचार और भारतीय प्रतिनिधित्व का सवाल

> स्वतंत्र पत्रकारिता का अधिकार महत्वपूर्ण, पर राष्ट्र की गरिमा और सांस्कृतिक सौम्यता की अनदेखी नहीं विश्व के सामने बैठने का ढंग, बोलने की शैली और प्रस्तुति–ये केवल व्यक्तिगत विकल्प नहीं, बल्कि देश की सामूहिक पहचान का प्रतीक होते हैं।

- डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इंटरव्यू को लेकर उठी बहस किसी छोटे विवाद का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस बड़े प्रश्न से जुड़ा है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से किस प्रकार की छवि प्रस्तुत कर रहा है। जब इंडिया टुडे/आज तक की पत्रकार अंजना ओम कश्यप और उनकी सहयोगी गीता मोहन ने पुतिन का इंटरव्यू लिया, तब उस बातचीत से अधिक चर्चा में उनका बैठने का ढंग, शारीरिक मुद्रा और व्यवहार आ गया। कई दर्शकों ने इसे भारतीय शिष्टाचार के विरुद्ध माना, और यह मुद्दा सोशल मीडिया, समाचार मंचों और सार्वजनिक विमर्श में तेजी से उभरा। यह चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ दो पत्रकारों के व्यक्तिगत व्यवहार का मामला नहीं रह गया है; यह भारत के सांस्कृतिक चरित्र, अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार, राजनयिक संवेदनशीलता और भारतीय मीडिया की पेशेवर पहचान का व्यापक प्रश्न बन चुका है। वैश्विक राजनीति के इस दौर में, जहाँ हर शब्द, हर चित्र और हर संकेत तुरंत विश्वभर में प्रसारित हो जाता है, किसी भी प्रतिनिधि का व्यवहार देश की सामूहिक पहचान का हिस्सा बनकर देखा जाता है। भारतीय सभ्यता का मूल भाव हमेशा विनम्रता, सम्मान और मर्यादा पर आधारित रहा है। 'अतिथि देवो भव' सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि भारतीय समाज की जड़ों में गहराई से बसा जीवन-मूल्य है। हम मानते आए हैं कि अतिथि का स्वागत सम्मानपूर्वक किया जाए, चाहे वह किसी भी शक्ति, समाज या देश से आता हो। ऐसे में जब रूस जैसी महाशक्ति के राष्ट्रपति, जो वैश्विक राजनीति में एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं, भारत के पत्रकारों को इंटरव्यू देने बैठते हैं, तो लोगों की अपेक्षा स्वाभाविक रूप से अधिक हो जाती है। इन अपेक्षाओं का केंद्र यह है कि पत्रकारों का व्यवहार पेशेवर हो–शब्दों में दृढ़ता हो, प्रश्नों में साहस हो, पर मुद्रा और प्रस्तुति में गरिमा भी हो। भारतीय नागरिकों का यह मानना गलत नहीं है कि उनके मीडिया प्रतिनिधि विश्व मंच पर भारत की सांस्कृतिक मर्यादा को भी साथ लेकर चलें। पत्रकारिता का स्वरूप स्वभावतः निर्भीक होता है। सत्ता से सवाल पूछना इसका धर्म है। अंतरराष्ट्रीय नेता भी इस बात से भलीभांति परिचित होते हैं कि मीडिया की भूमिका केवल प्रशंसा करने की नहीं होती, बल्कि आलोचना और कठोर प्रश्न भी उसी लोकतांत्रिक ढांचे का हिस्सा होते हैं जिसमें शक्तिशाली नेतृत्व स्वयं को जवाबदेह बनाता है। लेकिन साहसी प्रश्न पूछने और असभ्यता की सीमा लाँघने में अंतर होता है, और यही अंतर इस बहस को तर्कसंगत बनाता है। बहुत-से दर्शकों का कहना था कि बैठने का ढंग अत्यधिक अनौपचारिक और एक राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति के अनुपयुक्त था। आप चाहे दुनिया के किसी भी देश की मीडिया प्रथाओं को देखें, वहां एक न्यूनतम स्तर का औपचारिक शिष्टाचार इंटरव्यू के संदर्भ में अपनाया जाता है, विशेषकर तब जब साक्षात्कारकर्ता कोई राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या उच्च-पदस्थ वैश्विक नेता हो। रूस के राष्ट्रपति पुतिन जैसे नेता के साथ ऐसा इंटरव्यू सामान्य मीडिया बातचीत नहीं माना जाता; यह भारत-रूस संबंधों के अप्रत्यक्ष प्रतीकात्मक आयाम का हिस्सा होता है। दर्शकों के मन में यह भी स्वाभाविक प्रश्न उठा कि जहाँ पुतिन अत्यंत संतुलित, सीधी मुद्रा में, कूटनीतिक गरिमा के साथ बैठे थे, वहीं भारतीय पत्रकारों का अत्यधिक सहज, लगभग घरेलू अंदाज़ में बैठना क्या अंतरराष्ट्रीय अपेक्षाओं के अनुरूप था? लोग यह नहीं कह रहे कि पत्रकार सिर झुकाकर, भयभीत होकर या अधीनस्थ मुद्रा में बैठें। लेकिन सभ्यता और शिष्टाचार के अनुकूल एक बुनियादी औपचारिक शैली हर पेशेवर को अपनानी चाहिए। यही वह सांस्कृतिक सूक्ष्मता है जो भारत की पहचान को अलग करती है। सवाल यह भी है कि क्या यह विवाद अति-संवेदनशीलता का परिणाम है? क्या जनता ने पत्रकारों के काम से अधिक उनके बैठने को मायने दे दिया? यह प्रश्न भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। मीडिया की एक भूमिका यह भी है कि वह सहज माहौल बनाए ताकि नेता खुलकर बोल सकें। लेकिन क्या सहजता का अर्थ शिष्टाचार त्याग देना है? यह संतुलन ही इस बहस का केंद्र है। एक और महत्वपूर्ण आयाम यह है कि विवाद के बीच कुछ सोशल मीडिया संदेशों में यह दावा किया गया कि पश्चिमी देश भारतीयों को अपमानजनक नामों से बुलाते हैं। यह कथन न केवल तथ्यहीन है बल्कि इससे भारतीय समाज में अनावश्यक हीनभावना भी पैदा होती है। किसी एक पत्रकार के व्यवहार को आधार बनाकर पूरे देश पर ऐसे अपमानजनक लेबल लगाना न केवल गलत है बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा के भी खिलाफ है। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, वैश्विक कूटनीति का केंद्र है, और दुनिया भारतीय प्रतिभा को सम्मान और अवसर दे रही है। ऐसे में गलत, अपमानजनक और प्रमाण-विहीन बातों का प्रचार केवल समाज को विभाजित करता है। भारतीय पत्रकारिता के सामने आज एक बड़ा चुनौतीपूर्ण मोड़ है। एक तरफ यह सरकारों और शक्तिशाली संस्थाओं से कठोर सवाल पूछने की जिम्मेदारी निभाती है, दूसरी तरफ इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेशेवर व्यवहार के मानकों का भी पालन करना होता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि भारत दुनिया में सशक्त आवाज बनना चाहता है, तो उसके मीडिया को भी उसी स्तर की गरिमा और गंभीरता दिखानी होगी। इस विवाद ने एक और पहलू उजागर किया–भारत में सोशल मीडिया की तुरंत और तेज़ प्रतिक्रिया। आज हर दृश्य, हर शब्द, हर गतिविधि पलभर में करोड़ों लोगों तक पहुँच जाती है। यह लाभदायक है क्योंकि इससे जवाबदेही बढ़ती है, पर यह चुनौतीपूर्ण भी है क्योंकि भावनाएँ तर्क से अधिक प्रभावी हो जाती हैं। इसी कारण कभी-कभी घटनाएँ वास्तविकता से अधिक बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत हो जाती हैं। लेकिन इस मामले में लोगों की भावनाओं में एक वास्तविक चिंता झलकती है–भारतीय पहचान को विश्व मंच पर किस प्रकार प्रदर्शित किया जा रहा है? यह आलोचना पत्रकारों को अपमानित करने के लिए नहीं है। यह एक गंभीर और आवश्यक विमर्श है कि भारत, जो विश्व राजनीति में लगातार ऊँचा उठ रहा है, उसे अपने व्यवहार, भाषण, प्रस्तुति और संवाद-शैली में भी वैसा ही परिपक्व और संतुलित दिखना चाहिए। भारत की सांस्कृतिक परंपरा केवल वेशभूषा या भाषा तक सीमित नहीं है; यह हमारे आचरण, विनम्रता, आदर और संतुलन में भी प्रकट होती है। अंतरराष्ट्रीय नेता भारत की ओर सिर्फ उसकी आर्थिक और रणनीतिक क्षमता के कारण नहीं देखते, बल्कि उसकी सांस्कृतिक शक्ति, उसकी नैतिक परंपरा और उसकी गहरी सभ्यता के कारण भी। हिंदुस्तान की यही पहचान रही है कि हमने विश्व को शिष्टाचार, संवाद और संतुलन की विरासत दी है। इसलिए यह अपेक्षा भी स्वाभाविक है कि हमारे पत्रकार, हमारे कूटनीतिज्ञ, हमारे प्रोफेशनल्स–जब वे विश्व के सामने भारत का चेहरा बनते हैं–तो वे उस गरिमा और सौम्यता को भी प्रतिबिंबित करें जो हमें विशिष्ट बनाती है। इस घटना ने एक सीख दी है–संचार का दायरा जितना बढ़ेगा, जिम्मेदारियाँ भी उतनी ही बड़ी होंगी। और जब जिम्मेदारी देश की प्रतिष्ठा से जुड़ी हो, तो छोटी-छोटी बातें भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। बैठने का ढंग, पेशेवर मुद्रा, भाषा–सभी उस बड़े फ्रेम का हिस्सा हैं जिसे दुनिया 'भारत' के रूप में देखती है। अंततः इस बहस का सार यही है कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता और साहस का सम्मान किया जाए, पर साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भारत की सांस्कृतिक गरिमा और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार का सम्मान हर मंच पर बना रहे। स्वतंत्रता और मर्यादा विरोधी नहीं हैं–दोनों मिलकर भारत की उस संतुलित, परिपक्व और विश्वसनीय छवि को गढ़ते हैं जिसकी आज दुनिया को आवश्यकता है। भारत की पहचान उसकी सभ्यता में है, और इस सभ्यता का सार यही कहता है–

# शहीद रामेश्वरसिंह गढ़वाल का शहादत दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** शहीद रामेश्वरसिंह गढ़वाल का शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद राष्ट्र की धरोहर होते हैं। शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की तथा विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीतों पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी इस अवसर पर शहीद पुत्र व स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल,प्राचार्य पूनम गढ़वाल, सुनिल जांगिड़, कुलदीप सिंह, श्रीराम चेजारा, अशोक कुमार, मरूधर कवंर, नीलम कवंर, सरीता यादव, दिनेश यादव, सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। अन्त में अभिषेक गढ़वाल ने सभी का आभार जताया।

# खाटू श्याम बाबा की भक्ति में झूमे श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा कस्बे के श्री परशुराम - भवन परिसर में रविवार को खाटू श्याम बाबा की पूजा-अर्चना व भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम श्री श्याम सखी महिला मण्डल के तत्वावधान में संपन्न हुआ। सुबह से ही भवन परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। खाटू श्यामजी की सुंदर सजावट, फूल-मालाओं और रोशनी से सुसज्जित दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रायोजको ने विधि-विधान के साथ खाटू श्याम की पूजा की। मुख्य यजमान अमित कुमार व उषा बागोरिया सहित कई श्रद्धालुओं ने बाबा के सम्मुख दीप प्रज्वलित किए और भजन-कीर्तन में भाग लिया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्याम तेरी बंसी पुकारे... और हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा...., जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पूजा-अर्चना के बाद उपस्थित लोगों को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ प्रसादी वितरण में सहयोग किया। कार्यक्रम में श्याम भक्त मीनू जोशी, सरोज मोदी, राजू देवी, श्याम सागर, सुमीत,. सीमा,. पिंकी, मनीष, हार्दिधक,. मुकेश, आनन्द चंदेलिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# कुमास में कक्षा- कक्ष का हुआ उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** ग्राम कुमास पुनिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुनिता देवी धर्मपत्नी दीपक कटारिया ने अपने माता-पिता स्व रामरती देवी एवं शीशपाल कटारिया की पुण्य स्मृति में कमरें का निर्माण करवाया । जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि हर्षिनी कुल्हरी जिला प्रमुख झुन्झुनू , विशिष्ट अतिथि राहुल कुमास पंचायत समिति सदस्य मण्डावा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शर्मिला पुनिया सरपंच शेखसर ने की ।इस दौरान उप सरपंच कल्याण सिंह डुडी,प्रधानाचार्य अजाज नबी, भारु मंडल अध्यक्ष विकास ईशरवाल, भामाशाह श्रीचंद कुमासिया, उदयसिंह शेखावत, श्रीनिवास पुनिया, शीवचंद दनेवा, बजरंगलाल ईशरवाल, शरतचंद्र जांगिड़ आदि मंचासीन अतिथि थे । इस दौरान किरोड़ीमल कटारिया एवं सीमा कटारिया ने विधालय के समस्त भामाशाहों एवं समस्त स्टाफ और उपस्थित समस्त प्रधानाचार्यो व मंचासिन अतिथियों का माला व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया ।इस दौरान कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को भी उपहार वितरित किए गए ।कार्यक्रम का संचालन विजय हिंद जालिमपुरा ने किया।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 65 रोगी लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** शाकम्भरी ऑप्टिकल मण्डावा के सौजन्य से आंखो का निः शुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को शीतला मन्दिर के पास हनुमान सेठ के नोहरे में आयोजित हुआ । शिविर में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा निः शुल्क जांच कर निः शुल्क दवाइयां दी गई । शिविर में 65 रोगी लाभान्वित हुए । ओपीटीएम महेश मील ने सभी रोगियों की जांच की ।

# ‘वोट चोर - गद्दी छोड़’ महारैली की मण्डल स्तरीय रणनीति तय, सौंपी जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** मतदाता गहन पुनरीक्षण व 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली 'वोट-चोर गद्दी छोड़' महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जाजोद मण्डल की ओर से बुथ लेवल एजेंट (बीएलए) प्रशिक्षण सम्मेलन रविवार को जाजोद गांव में आयोजित हुआ। महत्वपूर्ण सम्मेलन मण्डल अध्यक्ष दाऊद खान की अध्यक्षता में और मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी पीएल प्रजापति के सानिध्य में हुआ। सम्मेलन का मूख्य प्रशिक्षक रणनीतिकार सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ रहे। सम्मेलन शिविर में 'वोट चोर - गद्दी छोड़' अभियान 14 दिसंबर को प्रस्तावित हस्ताक्षर महारैली तथा एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर व्यापक रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।सम्मेलन में विधानसभा प्रभारी पीएल प्रजाति एवं जिला परिषद सदस्य बनवारी लाल ढाका ने बताया कि हस्ताक्षर महारैली को एतिहासिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए लक्ष्मणगढ़ विधानसभा से 5000 कार्यकर्ताओं की उपस्थित सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक ब्लॉक क्षेत्र से 2500 कार्यकर्ता शामिल होंगे। लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक, मण्डल व संगठन इकाईयों को इसके लिए विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ ने बैठक में एसआईआर अभियान को बूथ स्तर पर प्रभावी ढंग से लागु करने, मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने, नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने फार्म 6,7,8 एवं 8 ए की भरने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन देने तथा कार्यकर्ताओं को भुमिकाएं स्पष्ट करने पर भी जोर दिया गया। एसआईआर में किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत उच्च पदाधिकारीयों और जिला कलेक्टर को सुचित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में भाजपा राज्य सरकार की कथित विफलताओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पंहुचाने पर भी विशेष जोर दिया गया। बाटड़ ने आगे कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इसमें लापरवाही से प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य प्रभावित हो सकता है, इसलिये लोकतंत्र की रक्षा और जनमत का सम्मान कांग्रेस की पहली प्राथमिकता है तथा दोनों अभियानों को एतिहासिक सफलता दिलाई जाएगी। पंचायत समिति सदस्य भंवर खां, सरपंच हरदेवराम लाम्बा,बीएलए रणजीत सिंह बाटड़ानाऊ, राजेश बाटड़ ने सम्बोधित करते हूए सभी पदाधिकारीयों ने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि एसआईआर कार्यों को प्राथमिकता देते हुए 14 दिसंबर की हस्ताक्षर महारैली में अभूतपूर्व जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।कार्यक्रम के दौरान धाननी के बीजेपी के कार्यकर्ता उप सरपंच सांवरमल मेघवाल को प्रभारी पीएल प्रजापति ने कांग्रेस का दुपट्टा पहनकर कांग्रेस जोईनिंग करवाई।सम्मेलन कार्यक्रम का मंच संचालन सरपंच प्रतिनिधि महावीर रणवां एवं हरफुल गोदारा के द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच कुलदीप बाटड़,सरपंच संजय भास्कर, सेवादल के पूर्व महासचिव बून्दुखां राजास,अली खां, शमशेर खान पहाड़ीयान,रामस्वरूप छब्बरवाल, नरसीलाल बोला,अर्जुन सिंह,भंवर सिंह डोटासरा,समीर खान, रामस्वरूप बाहुजी ढाणी, दयाल सिंह, सांवरमल दीवानजी बास,सत्यपाल खालियानाऊ, प्रदीप कुमार, इन्जीनियर जावेद खां भाटी, लुणाराम मलसिवास, जगन सिंह बाटड़, रमेश मीना, सोहन सेवदा,गुलाम खां,सरदार खां, नियामत खां, निजाम खां,आजम, याकुब खां पुनणी, आमीन खां, नजीर खां, हबीब खां, शमशाद अली सहित ब्लॉक स्तर के अनेक पदाधिकारी जनप्रतिनिधि और काफी कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ अंतिम संस्कार

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)।** नवलगढ़ के वायु सेना जवान अजय कुलदीप का निधन: दिल्ली में इलाज के दौरान ली अंतिम सांस, सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि नवलगढ़ निवासी 25 वर्षीय वायु सेना जवान अजय कुलदीप का दिल्ली स्थित सेना अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 1:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर शनिवार सुबह गांव पहुंची तो पूरे नवलगढ़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई स्तब्ध था कि इतनी कम उम्र में देश ने अपना एक होनहार जवान खो दिया। छुट्टी पर घर आए थे, अचानक बिगड़ी तबीयत अजय कुलदीप कुछ दिन की छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। इसी दौरान 3 दिसंबर को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए दिल्ली के सेना अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने लगातार उपचार किया, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया।

### 10 किलोमीटर निकली तिरंगा यात्रा

शनिवार दोपहर करीब 3 बजे अजय कुलदीप कापार्थिव शरीर दिल्ली से नवलगढ़ पहुंचा। डूंडलोद फाट से घूमचक्कर शहीद स्मारक होते हुए उनके घर तक करीब 10 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा और हर आंख नम नजर आई। जैसे ही पार्थिव शरीर घर पहुंचा, माता-पिता और अन्य परिजनों का धैर्य टूट गया और माहौल गमगीन हो गया।

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ अंतिम संस्कार

घर पर अंतिम संस्कार की प्रारंभिक रस्में पूरी करने के बाद पार्थिव शरीर मुक्तिधाम ले जाया गया। जयपुर से आई वायु सेना की टुकड़ी ने जेडब्ल्यूओ दिलीप के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सेना अधिकारियों ने शहीद जवान के पिता रतनलाल को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा। मुखाग्नि अजय के बड़े भाई राजू कुलदीप ने दी। अजय कुलदीप अपने पिता रतनलाल कुलदीप की पांच संतानों में सबसे छोटे थे। उन्होंने दिसंबर 2018 में भारतीय वायु सेना में सेवा की शुरुआत की थी। परिवार में उनके एक भाई और तीन बहनें हैं, जिनमें से एक बहन अविवाहित है। अजय भी अविवाहित थे और पूरे परिवार की उम्मीदों का आधार माने जाते थे।

# जाट विकास संस्थान प्रतिभा सम्मान समारोह 25 दिसम्बर को, पोस्टर का विमोचन कर कमेटियों को दी जिम्मेदारियां

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के कन्या छात्रावास प्रांगण में 25 दिसम्बर को होने वाले जाट समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों हेतु संस्थान अध्यक्ष दौलतराम सारण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसी संदर्भ में रविवार को संस्थान भवन में समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर विमोचन का किया गया। वक्ताओं ने प्रतिभा सम्मान समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने हेतु अलग अलग कार्य सौंपकर सक्रिय कार्यकताओं को जिम्मेदारियां निभाने का आह्वान किया। सभी को विदित रहे कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान समाज की प्रतिभाओं जैसे शैक्षणिक उपलब्धियां, खेलकूद, सरकारी सेवा में चयन सहित अन्य क्षेत्रों में कन्या छात्रावास प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करेगा। जिसमें पूरे प्रदेश स्तर के अतिथि शामिल होंगे। जिसकी सूची जल्द ही प्रकाशित की जाएगी। इस अवसर पर शहीद सैनिक तखुराम बाना खेजड़ा व फिल्म अभिनेता स्व धर्मेन्द्र देओल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में संस्थान पूर्व अध्यक्ष रेवंतराम बेनीवाल, पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वरराम डूडी, मंडी चेयरमैन इंद्राज सारण, पीसीसी सदस्य ताराचंद सारण, जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया, इंद्राज ढीढारिया, हीरालाल बेनीवाल, लालचंद सारण, बलदेव सारण, महावीर प्रसाद जाखड़, भागीरथ सारण, रणवीर सारण, प्रभूराम सिहाग, श्रवण कुमार सारण, शिवकरण सारण, सांवरमल जाखड़, महेंद्र सिहाग, सावंतराम दहिया, तेजपाल चौधरी, भंवरलाल सारण, खिराजाराम रणवां, रामनिवास सारण तथा महिला नेतृत्व हेतु किरण चौधरी सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। संचालन संस्थान महामंत्री महावीर प्रसाद तथा सुरेंद्र झोरड़ ने किया। अंत में संस्थान अध्यक्ष दौलत राम सारण ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।

# दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय रैली को लेकर कांग्रेस की बैठक, चूरू जिले से हजारों कार्यकर्ताओं रैली में जाने का किया आह्वान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के विधायक आवास कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को देहात एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा 14 दिसम्बर को दिल्ली में रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय रैली की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। रैली के चूरू जिला प्रभारी सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़ ने कहा कि चूरू जिले से हजारों लोग दिल्ली कूच करेंगे। देश व प्रदेश की भाजपा सरकार ने आम वर्ग के साथ छलावा किया है। केंद्र सरकार ने जीएसटी लगाकर व्यापारियों एवं आम लोगों के साथ धोखा किया है। महंगाई व बेरोजगारी से देश में हाहाकार का माहौल बना हुआ है। देश की सभी सरकारी एजेंसियों पर कब्जा कर रखा है। लोकतंत्र को ध्वस्त करने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता यह सब बर्दास्त करने वाले नहीं है। उनका पुरजोर विरोध करने के लिए 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय रैली में चूरू जिले से सबसे अधिक कार्यकर्ता शामिल होने चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता आशाराम सैनी, विद्याधर बेनीवाल सुजानगढ़, प्रदीप तोदी, मदनलाल पारीक तारानगर, रामेश्वर प्रजापत, मोहनलाल आर्य, देहात अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक, महावीर माली, उमरदीन सैयद, जिला उपाध्यक्ष रामलाल सारण, राजकुमारी चौहान, फारुख व्यापारी, लालबहादुर सेवदा, ओमप्रकाश मेघवाल, जगदीश स्वामी, लियाकत घडसीसर, भंवरलाल पारीक, मनफूल खान फौजी, विनोद जांगिड़, इनायत तुला, रामप्रसाद बोहरा, बाबूलाल सैनी, सुरेन्द्र मेघवाल, सोहनलाल सहू, जमालदीन सब्जीफरोश, परमेश्वर दुबे, शोयब बिसायती, याकूब खान, पृथ्वीसिंह, भरत गौड़, विजयपाल सारण, गोपीराम सारण, बीरबलनाथ सिद्ध, उतम पारीक, विमल जम्मड, शांतिलाल नाहटा, भवानी सैनी, महावीर जोशी, रुक्मानंद पारीक, महावीर पूनियां सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे?। कार्यक्रम का संचालन राकेश पारीक ने किया।

# चाइनीज मांझे के बहिष्कार को लेकर निकाली जन जागृति रैली, बड़ी संख्या में विधार्थियों व लोगों ने लिया भाग




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में चायनीज मांझा अभियान के अंतर्गत रविवार को एक जन जागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में शहर के युवाओं, नागरिकों, व्यापारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली ताल मैदान से प्रारंभ होकर गांधी चौक तक निकाली गई। रैली के समापन पर भरत गौड़, अरुण शर्मा, प्रवीण शर्मा, बाबूलाल स्वामी, हरीश शर्मा, रमेश शर्मा आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि चायनीज मांझा हमारे पर्यावरण, पक्षियों, जीवों एवं मनुष्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। इसके कारण हर वर्ष सैकड़ो हजारों जीवों की जान इस चायनीज मांझे से चली जाती है और अनेक दुर्घटनाएं होती है। अतः हम सबको इसका बहिष्कार करना चाहिए। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रशासन से भी अपील की कि वह बाजार में प्रतिबंधित चायनीज मांझा की बिक्री को लेकर आदेश जारी कर सख्त कार्रवाई करें। जिससे चायनीज मांझे को बेचने वालों पर शिंकजा कसा जा सकें। रैली में शहर की विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर चायनीज मांझे के बहिष्कार की शपथ ली। रैली में शाकम्भरी विद्यापीठ, बाल मंदिर, श्री बाबा पब्लिक स्कूल, देव पब्लिक स्कूल, अभिनव पब्लिक स्कूल, अणुव्रत समिति, राजस्थान स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रैली के पश्चात चायनीज मांझे की होली जलाई गई। इस अवसर पर स्काउट संघ के बाबूलाल स्वामी, सुरेश कुमार शर्मा, अमित शर्मा, रवि नाथोलिया, आलोक महर्षि, लालबहादुर सेवदा, फारूक ज्यान मोहम्मद, नटराज दीक्षित, गौरीशंकर शर्मा, राकेश सांकृत्य, मुकेश शर्मा, शुभकरण पारीक, संदीप दर्जी, सुनील भोजक, नारायण लाटा, सुरेश सेवदा, रमेश शर्मा, जितेंद्र गौड़, अशोक माटोलिया, सुरेश सैनी, गौरव पारीक, रणवीर सिंह, अभिषेक सारण, रामप्रताप चाहर सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

# रात में सोने पर नहीं आता था सांस तो बैठकर नींद लेती थी बच्ची, राजकीय उपजिला अस्पताल में डॉक्टर 8 वर्षीय बच्ची के लिए बने भगवान, गले का ऑपरेशन कर बच्ची को पहुंचाई राहत

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय उपजिला अस्पताल के डॉ लोकेंद्रसिंह राठौड़ व उनकी टीम 8 वर्षीय बच्ची के लिए उस समय भगवान बने जब बच्ची पिछले काफी समय से काफी परेशान थी और बच्ची के परिजन भी बच्ची के इलाज को लेकर काफी परेशान थे। राजकीय उपजिला अस्पताल के ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ व ऑपरेशन थिएटर के प्रभारी डॉ कमलेश भारतीय व अस्पताल टीम के साथ मिलकर वह बड़ा ऑपरेशन कर दिखाया जो जयपुर जैसे बड़े शहरों के बिना संभव नहीं है। पूरी तरह से निशुल्क हुए इस ऑपरेशन के बाद बच्ची के परिजनों ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया है। दरअसल सरदारशहर के वार्ड 16 निवासी जगदीश प्रजापत की 8 वर्षीय पुत्री हेमलता प्रजापत पिछले काफी समय से गले मे टॉन्सिलाइटिस होने की वजह से काफी परेशान थी। 8 वर्षीय बच्ची हेमलता रात को बैठकर नींद लेती थी और सांस लेने और खाने-पीने में काफी दिक्कत होती थी। सोने के बाद बच्ची को सांस भी नहीं आता था। सर्दियों के समय में यह समस्या और भी विकराल हो जाती थी। जुखाम होने पर सांस लेने में भी बहुत परेशानी हो रही थी। घर वालों ने बीकानेर जयपुर जैसी जगह पर बच्ची को इलाज करवाने के लिए लेकर गए। वहां पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन करना और लाखों रुपए का खर्च होना बताया। हेमलता के पिता जगदीश प्रजापत ने बताया कि आखिर उन्हें पता चला कि सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल में वर्तमान में कार्यरत ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेंद्रसिंह राठौड़ बहुत अच्छे से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जब 8 वर्षीय बच्ची को डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ को दिखाया गया तो उन्होंने कुछ जांचें करवाई और डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वह हेमलता का ऑपरेशन राजकीय उपजिला अस्पताल में एकदम अच्छी तरीके से कर देंगे और बच्ची को बाद में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। इसके बाद ऑपरेशन थिएटर के प्रभारी निश्चेतक डॉ कमलेश भारतीय को बच्ची से मिलवाया गया और उन्होंने भी यह बड़ा ऑपरेशन करने की हां भर दी। डॉ लोकेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि आमतौर पर इस प्रकार के ऑपरेशन जयपुर जैसे बड़े शहरों में संभव है। इस प्रकार के ऑपरेशन के लिए मरीज के परिजनों को लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय उपजिला अस्पताल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के चलते यह ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क किया गया है। उन्होंने कहा कि चुरू जिले का यह पहला बड़ा ऑपरेशन है जो इस प्रकार से बच्ची के गले की गांठ का किया गया है। करीब डेढ़ घंटे तक चले हेमलता के गले की गांठ का ऑपरेशन करने के बाद 8 वर्षीय बच्ची हेमलता पूरी तरह से स्वस्थ है और उसे सांस लेने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो रही है। डॉ लोकेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस ऑपरेशन में राजकीय उपजिला अस्पताल के प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़ के निर्देशन में ऑपरेशन थिएटर के इंचार्ज ओम वर्मा, नर्सिंग स्टाफ पंकज रुहिला, दौलतराम सुंडा, श्यामसुंदर जांगिड़, रेणु पुनियां, वार्ड बॉय नदीम सहित अस्पताल स्टाफ की भूमिका रही हैं।

# शहरी विकास को नई रफ्तार: कहां-कहां बन रही स्मार्ट सिटी, छह शहरों को मिला विकास का खाका

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / जयपुर** राजस्थान में शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सिर्फ राजधानी जयपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के छह प्रमुख शहरों मंडावा, खाटूश्यामजी, भिवाड़ी, अलवर, बीकानेर और भरतपुर को भी स्मार्ट सिटी मॉडल पर विकसित करने की जिम्मेदारी इसी संस्था को सौंपी गई है। बता दें कि इन शहरों को स्मार्ट अर्बन डेवलपमेंट के नए मानकों पर तैयार किया जाएगा, जिसमें स्वच्छता, सड़क ढांचा, डिजिटल सेवाएं, जल प्रबंधन, ग्रीन एनर्जी और आधुनिक ट्रैफिक सिस्टम जैसे कार्य शामिल हैं। सरकार ने इस परियोजना के लिए 330 करोड़ रुपए से अधिक का बजट आवंटित किया है। यह रकम इन छह शहरों में फेज वाइज आधारभूत ढांचा सुधार और डिजिटल सर्विसेज के विस्तार पर खर्च होगा।

### कहां-कहां बनेंगी स्मार्ट सिटीज?

मंडावा में 30 करोड़, खाटूश्यामजी में 30 करोड़, भिवाड़ी में 50 करोड़, अलवर में 60 करोड़, बीकानेर में 80 करोड़ और भरतपुर में 80 करोड़ की लागत से स्मार्ट सिटीज बनेगी। इन सभी शहरों में जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट नियुक्त किया गया है। इसका मतलब यह संस्था ही मास्टर प्लानिंग, डिजाइनिंग, मॉनिटरिंग और निष्पादन की निगरानी की मुख्य एजेंसी होगी।





### मंडावा और खाटूश्यामजी : छोटे शहर, बड़ा विजन

दोनों शहरों को स्मार्ट सिटी मॉडल पर तैयार करना पर्यटन और धार्मिक यात्राओं के लिहाज से महत्वपूर्ण है। मंडावा में हेरिटेज टूरिज्म को नई पहचान और खाटूश्यामजी में लाखों श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

### औद्योगिक विकास भी स्मार्ट सिटी मॉडल से जुड़ा

राजस्थान में स्मार्ट सिटी विकास सिर्फ शहरी सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह औद्योगिक परियोजनाओं को भी दिशा दे रहा है। जोधपुर-पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया पश्चिमी राजस्थान का नया उभरता औद्योगिक केंद्र है।-642 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्माण-आधुनिक सड़क नेटवर्क-48 MLD पानी आपूर्ति-कांकाणी उपकेंद्र से बिजली परियोजना विधिवत स्वीकृतस्मार्ट सिटी बनने से क्या बदलेगा?-शहरी जीवन स्तर सुधरेगा-डिजिटल सेवाएं बढ़ेंगी-रोजगार के नए अवसर खुलेंगे-पर्यटन और उद्योग दोनों को लाभ मिलेगा।

### सवाल भी खड़े: जयपुर स्मार्ट सिटी का खुद का काम अधूरा

जहां एक ओर सरकार जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को नए शहरों की कमान सौंप रही है। वहीं, दूसरी ओर जयपुर में स्मार्ट सिटी कार्यों की धीमी प्रगति पर सवाल उठ रहे हैं। जयपुर स्मार्ट सिटी के कई प्रोजेक्ट स्मार्ट रोड, डक्टिंग सिस्टम, अरावली रोड सुधार और ICCC के कई मॉड्यूल अब भी अधूरे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का सवाल है कि जब जयपुर में परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो रही हैं, तो छह और शहरों का जिम्मा कैसे संभाला जाएगा? सीईओ डॉ. निधि पटेल की कार्यशैली पर भी कुछ लोगों ने असंतोष जताया है। हालांकि, सरकार इस बात पर जोर दे रही है कि नए शहरों में प्रोजेक्ट पूरी योजना के साथ आगे बढ़ेंगे।

## मंदिर का पूर्व विधायक ने किया शिलान्यास



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव गुलेरिया में स्थित वीर तेजाजी महाराज मंदिर का शिलान्यास पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के हाथों से हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति वित एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक, पूर्व प्रधान रतनगढ़ विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फरांसा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल पारीक, समाज सेवी पुटिया राजा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष करणी सिंह, देवानी तेजा मंदिर मंदिर कमेटी अध्यक्ष हनुमानराम शेरडिया, संयोजक रामकरण कालेर, मण्डल महामंत्री भाजपा हंसराज नायक, पूर्व सरपंच बीरमाराम नायक, रामनिवास जाट, भोपाल सिंह, हरिराम बुरड़क, भाजपा मीडिया संयोजक विकास बीरडा, विनोद, सोहन फौजी, चुनाराम मेघवाल, हनुमाना राम मेघवाल, रायचंद स्वामी, खेताराम स्वामी, गुमान सिंह, झूमरराम चौधरी, भगवान नायक, भंवर लाल नायक, नोरतन नायक, नेमाराम जाट, पन्नालाल गुलेरिया सहित अनेक ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## खेड़ी में भारतीय सेना में चयनित अभ्यर्थियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निसं.)** ग्राम पंचायत जाजोद के खेड़ी गांव के बालाजी ग्राउंड में रविवार को भारतीय सेना में चयनित अभ्यर्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाटूश्यामजी सहकारी अध्यक्ष श्याम सिंह पुनिया थे वही अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सीकर भानाराम देवन्दा ने की। विशिष्ट अतिथि में जाजोद सरपंच महेंद्र कुड़ी, पूर्व सरपंच रघुनाथ प्रसाद महला, जाजोद थानाधिकारी गिरधारी डीगवाल, खटून्दरा सरपंच हरदेव बगड़िया, हवलदार इंटरनेशनल एथलीट जगदीश नारायण, सीएचएम ख्यालीराम, हवलदार रघुवीर सिंह शेखावत, हवलदार बलबीर सिंह शेखावत, हवलदार राजेंद्र कड़वासरा मंचस्थ रहे। प्रशिक्षक सूबेदार मेजर राजेंद्र महला ने बताया कि भारतीय सेना में चयनित 11 अभ्यर्थियों का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही उनके अभिभावकों का भी माला साफा पहनाकर स्वागत किया। राजेंद्र महला ने बताया कि सभी चयनित अभ्यार्थियों का सम्मान कर पूरे गांव में डीजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान गिरधारी लाल देवन्दा, सीआरपी असिस्टेंट कमांडेड महेंद्र महला, ख्यालीराम लाटा, वीरेंद्र लाटा, पूर्व दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर झाबर सिंह कुड़ी, पूर्व प्रिंसिपल राजेंद्र प्रसाद महला, बंशीधर महला, रामवतार महला, डॉ संजय महला, सूरजमल लोछिब, सांवरमल बिजारणिया, नरपत सिंह, गीगराज कुड़ी, नाथूलाल लाटा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विप्र सेना अध्यक्ष सचिन माटोलिया का मनाया जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** विप्र सेना के तहसील अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता सचिन माटोलिया का जन्मदिन भक्तिमय, सेवामय, धार्मिक आयोजन के साथ मनाया गया। साधु संतों के पावन सानिध्य व परिवार जनों, शहर के सामाजिक व राजनीतिक प्रबुद्धजनो, वार्ड परिवार व ईष्ट मित्रों के साथ माटोलिया सदन में स्थानीय गायक पुनीत पाराशर व नितिन पारीक के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर साधु संतों के सानिध्य में भगवान को केक का भोग लगाकर जन्मदिन मनाया। इससे पहले शनिवार सुबह सालासर बालाजी महाराज के दर्शन कर सुरेश पुजारी सालासर का आशीर्वाद लेकर पूर्णनाथजी आश्रम में गायों को गुड खिलाया। इस अवसर पर अमृतनाथ आश्रम के संत विकासनाथ महाराज, पूर्णनाथजी आश्रम महंत संत स्मृतिनाथ महाराज,फतेहपुर आश्रम से संत महेशनाथ महाराज, सनवाली आश्रम से संत कृष्णनाथ महाराज, भावनदेशर आश्रम से संत रुद्रनाथ महाराज, लक्ष्मणगढ़ आश्रम से दीनानाथ महाराज, श्री विजय रघुनाथ जी मंदिर के महंत दिलीप दास महाराज, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मुकेश शर्मा,डॉ मिथिलेश शर्मा,भाजपा नेता नरपत सिंह डागरा,भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भवानी सिंह खेड़ी, विप्र सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा पाराशर, बिजली विभाग में कार्यरत अमृता शर्मा, व्यवसायी विजेंद्र डोटासरा,मनोज कुमार, प्रदीप सिंह शेखावत, उत्तम शर्मा परिवार जन व वार्ड वासी आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूल के शिक्षक की हुई मृत्यु

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शनिवार शाम भोजलाई गांव से ड्यूटी क़र लौट रहे सरकारी स्कूल के अध्यापक रामलाल (58) पुत्र लालाराम जाट, निवासी खारिया कनिराम हाल सुजानगढ़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल के आगे अचानक नील गाय आ गयी, जिसे बचाने के चक्कर मे रामलाल मोटरसाइकिल से गिर गए, जिनको बगड़िया अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, वाहिद और अन्य की सहायता से अस्पताल की मोरचरी में शव रखवाया गया। रविवार सुबह परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर सदर थाने के हेड कांस्टेबल गिरधारी लाल ने शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जाँच क़र रही है।

## चिकित्सा शिविर में सैंकड़ो लोग हुए लाभान्वित




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा रविवार को दडीबा निवासी हुलासचंद मोहिनी देवी राठी व जसवंतगढ़ निवासी स्व. रामप्रसाद उषा देवी मालपानी की स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर तथा चर्म रोग चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया, जिसमं 375 रोगी लाभान्वित हुए। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा 224 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर 61 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। चयनित नेत्र रोगियों के लैंस प्रत्यारोपण डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में निःशुल्क किए जाएंगे। इसी शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला द्वारा 151 रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया गया, जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क दवा दी गई। शिविर में चूरू, बीकानेर, नागौर, सीकर जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के 109 व शहरी क्षेत्रों के 266 रोगियों ने जांच करवाई। शिविर के उद्घाटन अवसर पर बतौर अतिथि राठी परिवार के प्रतिनिधि मोहनलाल, प्रकाश राठी, डॉ एस एन बजाज, भामाशाह कमला सिंघी, विमल पाटनी, राजकुमार क्याल, मोहम्मद बिलाल ईंयारा वाले, रघुनाथ सेवदा, जयदीप मोदी, हरिप्रसाद तोदी, राजेंद्र कनोई, सुशीला देवी क्याल आदि मंचस्थ थे। दोनों चिकित्सकों का स्वागत किया गया। उसके बाद दोनों ने लोगों रोगों को चर्म व नैत्र रोगों से बचाव के उपचार बताए। भामाशाह मो. बिलाल ईंयारावाले ने क्लब को इन्वर्टर भेंट करने की घोषणा की। अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर स्वागत महावीर प्रसाद मीरनका, गोपाल चोटिया, विमल भूतोडिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, गिरधर भोजक, प्रतीक चोटिया, अंकित चोटिया, जावेद खान, देवकिशन मालपानी, मूलचंद तिवाड़ी ने किया। शिविर को सफल बनाने में शिक्षक मनीष पारीक, मंगलाराम गुर्जर, संदीप लाटा, लादूराम झुरिया, अब्दुल लतीफ, रामगोपाल शर्मा, श्रवण कुमार सांखला, प्रतीक चोटिया आदि ने सहयोग दिया।

## वार्डों में भारतीय किसान संघ ने किया नुक्कड़ सभाओं का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भगवान बलराम जन जागृति रथ यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए सुजानगढ़ शहर में जनसम्पर्क को उतरी। वार्ड न. 3, 4, 5, 6 में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। शहर के वार्ड न. 5 स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित हुई मीटिंग में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश रामपुरा, शंकरलाल महर्षि, तहसील अध्यक्ष पृथ्वीसिंह शेखावत, ओमप्रकाश तूनवाल, नरेंद्र सिंह भाटी, कॉमरेड जगदीश जगदीश नाथ, कालूराम बाबरिया आदि ने विचार प्रकट करते हुए विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार 8 दिसम्बर को होने वाली रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इसी प्रकार 8 दिस्मबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले अनिश्चितकालीन पड़ाव में भी शामिल होने की अपील की। तहसील अध्यक्ष पृथ्वीसिंह ने बताया कि सोमवार को किसान एकत्रित होंगे और तिरुपति मंदिर से घंटाघर होते हुए एसडीएम कार्यालय रैली के रूप में पहुंचकर एडीएम व एसडीएम को ज्ञापन दिया जायेगा। किसानों को सिंचाई हेतु नहरी पानी एवं हर खेत को रास्ता सहित अनेक मांगों को लेकर यह रैली निकाली जाएगी। मीटिंग में नेमीचंद सारण, रामूराम ईसरावा, बुधाराम नाथ, भंवरलाल जानू, नोरतनसिंह सिंह सांखला, हरीशंकर जांगिड़, सुमित्रा जोगी, नत्थूराम दईया, किसनलाल गुरू, सोहनलाल रेवाड़, जितेंद्र प्रजापत, नंदकिशोर नाथ सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी में मनाया गया 24 वां फाउंडर्स डे



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी आज 24 वां फाउंडर्स डे मनाया गया। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि शारदा सिंघानिया के नेतृत्व में 24वां फाउंडर्स डे मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि शारदा सिंघानिया एवं ममता सिंघानिया द्वारा आर्ट एवं सामाजिक विज्ञान एवं अटलांटिक रिग प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश चूरू श्रीमान शरद व्यास ने समारोह को संबोधित किया।जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न आर्ट चित्रकारी कला एवं विज्ञान की विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें पेंटिंग आर्ट सामाजिक विज्ञान इतिहास गुप्त साम्राज्य तीसरी एवं छठी शताब्दी प्राचीन भारत का स्वर्ण युग न्यायपालिका अटल टिंकरिंग लैब द्वारा विभिन्न मॉडल प्रदर्शनी का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनायी गइ गो कार्ट का भी मुख्य रूप से किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत शारदा सिंघानिया, ममता सिंघानिया, यू.के.गुप्ता, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शरद व्यास एवं परमेश्वर लाल प्रजापत ने माँ सरस्वती एवं लाला लक्ष्मीपत सिंघानिया जी की प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की थीम व भारत की दिशा प्रमुख रूप से प्रस्तुत किया गया। जिसमें भारत के विभभन्न जीवन दर्शन महाकुंभ का जीवन एवं वासुदेव कुटुम्बकम विषय को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम सर्वप्रथम गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एकेडमिक एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में छात्र छात्राओं एवं अभिभावको को भी ममता सिंघानिया द्वारा सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश चूरू शरद व्यास ने भी समारोह को संबोधित किया । प्राचार्य दीपक पुरोहित द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बेस्ट हाऊस का अवार्ड अग्नि हाउस को दिया गया। बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड मनीष कुमार एवं सर्वश्रेष्ट खेल प्रतिभा का सम्मान शुभम सोनी को दिया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा विद्यालय की वार्षिक पत्रिका श्मुक्तधराश् का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर हजारों अभिभावकों के साथ विद्यालय स्टाफ छात्र छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बालिकाओं की शिक्षा से दो घरों का नाम रोशन होता है- लखावत

### राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत का चारण छात्रावास में किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत का जिला मुख्यालय स्थित चारण छात्रावास में स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजकीय जालान महाविद्यालय रतनगढ़ के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर कल्याण सिंह ने कहा कि लखावत ने पूरे राजस्थान प्रांत में महापुरुषों, देवताओं, राजस्थान के साहित्य एवं संस्कृति को प्रोत्साहन देने का अनूठा कार्य किया है इनके द्वारा प्रदेश में महाराणा प्रताप, पाबूजी, मीराबाई, केसरी सिंह बारहठ सहित अनेक महापुरुषों के पैनोरमा का निर्माण करवाया गया है इन पेनॉरमाओं से आने वाली पीढ़ियां महापुरुषों के जीवन दृष्टांत से प्रेरणा लेंगी। संस्थान के अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि इस संस्थान की स्थापना 2018 में की गई थी तत्पश्चात नवंबर 2020 में छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। वर्तमान में छात्रावास स्थित प्रतिमा स्थल पर केसरी सिंह बारहठ, प्रताप सिंह बारहठ, महात्मा ईसर दास, महाकवि केशोदास गाडण एवं समान बाईसा की प्रतिमा स्थापित हो चुकी है। छात्रावास में अध्यनरत समाज के बच्चों के लिए निशुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था उपलब्ध है। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता प्रहलाद दान छोटडिया ने बताया कि इस सरकार के द्वारा चुरू जिले को मरुस्थलीय जिला घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री एवं लखावत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि छात्रावास केवल जमीन का टुकड़ा एवं ईट सीमेंट पत्थर से बना हुआ भवन नहीं है यह समाज की आत्मा है इस स्थान को समाज के प्रमुख गतिविधियों का केंद्र बनाए जाने का आह्वान करते हुए बताया कि छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था किए जाने का सुझाव दिया। लखावत ने बालिका शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा से दो घरों का नाम रोशन होता है। समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से दूर रहने एवं छात्रावास में समाज के बालक बालिकाओं के सामूहिक विवाह का आयोजन करने का सुझाव दिया। इस अवसर नारायणदान कांगड, चतर सिंह, देविदान चारणवासी, राजूदान अध्यापक, लक्ष्मणदान धीरासर, जितेंद्र सिंह कालेसर की ढाणी, लक्ष्मण दान खासौलीं, ओमवीर सिंह कविया, अजयपाल सिंह, कैलाशचन्द्र, मातूसिंह राठौड़, श्याम सिंह सूरतपुरा सहित चुरू जिले के विभिन्न गांव से पधारे हुए समाज के गणमान्य लोगों ने लखावत का छात्रावास पधारने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव सुल्तान दान चारण ने किया।

## श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर अर्पित किए श्रद्धासुमन



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** समाजसेवी व महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया को समिति की ओर से छात्रावास प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उपस्थित जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी तथा शोक प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सिंगोदिया के निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा उनके कार्यों का पूरा करने का संकल्प समिति के सदस्यों ने लिया तथा श्रद्धांजलि सभा के बाद उपस्थित सभी जनों ने सामूहिक रूप से उनके निज निवास पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर उद्योगपति प्रेम प्रकाश बागड़ी, उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी, सहायक लेखाधिकारी प्रथम झाबरमल माली, शिक्षक महेंद्र कुमार माली,बैंक मैनेजर अनिल कुमार सैनी, महावीर प्रसाद सैनी, पूर्व पार्षद राकेश गौड़, विनोद कुमार गौड़, दीपचंद सैनी, मनोज कुमार राकसिया , अंकित सैनी, संजय सतरावला, अनिल कुमार, अंकित कुमार, संदीप कुमार,अनिल कुमार, मनोज कुमार, अनिल, उतम कुमार, धर्मपाल, बनवारी लाल, ओमप्रकाश, राकेश कुमार, बाबूलाल सैनी सहित छात्रावास समिति के पदाधिकारी सदस्य, विधार्थी, कारीगर व मजदूर सहित प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

# नागरिक सुरक्षा संगठन का 63 वां स्थापना दिवस मनाया, आग एवं सीपीआर का लाइव डेमो बना आकर्षण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल पर शनिवार, 6 दिसम्बर 2025 को नागरिक सुरक्षा संगठन का 63वां स्थापना दिवस समारोह अरावली क्लब, गणपति नगर प्रांगण में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डल रेल प्रबंधक जयपुर रवि जैन रहे। अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) आसिफ हुसैन अंसारी, वरिष्ठ मंडल नागरिक सुरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी मन मोहन मीणा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता प्रमोद रावत, स्टेशन निदेशक विपिन कुमार शर्मा एवं सीएमएस जयपुर संजय कुमार शाह कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों द्वारा नागरिक सुरक्षा संगठन का ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। इसके बाद वरिष्ठ मंडल नागरिक सुरक्षा अधिकारी मन मोहन मीणा ने मुख्य अतिथि रवि जैन का पोर्ट एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल नागरिक सुरक्षा निरीक्षक अनिल चौधरी के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों का लाइव डेमो दिया। फायर बॉल एवं फायर एक्सटिंग्युशर का उपयोग कर आग बुझाने की विधि समझाई गई। मेडिकल इमरजेंसी के समय सीपीआर देने और प्राथमिक उपचार के तरीके भी श्चह्म्ष्ह्लद्बष्ड्डद्यद्य4 प्रदर्शित किए गए। भीड़ प्रबंधन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्साह से भर दिया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि रवि जैन ने आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि संकट के समय एक-दूसरे की मदद करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आग एवं सीपीआर के लाइव डेमो को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करने के निर्देश दिए तथा स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट कार्य हेतु उचित पुरस्कार की घोषणा की। वरिष्ठ मंडल नागरिक सुरक्षा अधिकारी मन मोहन मीणा ने बताया कि नागरिक सुरक्षा संगठन अचानक आने वाली आपदाओं से निपटने के लिए सदैव तैयार रहता है और सभी स्वयंसेवक सजगता के साथ अपने दायित्व निभा रहे हैं। मंडल नागरिक सुरक्षा निरीक्षक अनिल चौधरी ने सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि दिवाली, होली, छठ पूजा, मॉक ड्रिल एवं ऑपरेशन सिंदूर जैसी विभिन्न परिस्थितियों में संगठन के स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट सेवा कार्य किया है और भविष्य में भी आपदा के समय पूर्ण क्षमता के साथ जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

## जरूरतमंद बच्चों को ऊनी वस्त्रों का वितरण



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा देवनारायण मंदिर परिसर में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जगदीश बिल्लू ने बच्चों को ठंड से बचने संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की। क्लब सदस्यो सुनील खटीक एवं गौरव शर्मा ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व समझाया। वहीं नरेश सिंह तंवर और सुरेश रैगर ने सामुदायिक स्वच्छता से जुड़ी जागरूकता प्रदान की। कार्यक्रम में भगत जी तथा भील बस्ती की मैना, काली, दुर्गा, राधा, ज्योति, नीलू सहित अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही।

## छात्राओं ने जानी पुलिस की कार्य प्रणाली



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बिजौलियां टाइप 4 की छात्राओं ने पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण कर पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की ।थाने में कांस्टेबल संगीता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट ,आत्मरक्षा, दहेज प्रथा , वाहन सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबर ,हवालात , सुरक्षित ऐप को लेकर कानून की जानकारी प्रदान की ।इस दौरान बालिकाओं में पुलिस के प्रति सहयोगात्मक भावनाओं का विकास हुआ। पुलिसकर्मी अनिल, राम सिंह व रवि ने बताया कि किसी भी विषय व परिस्थितियों में बालिकाएं पुलिस का सहयोग ले सकती है ।प्रिंसिपल पायल लुनिवाल, केजीबीवी सचिव राजेश कुमार,वार्डन अनीता धाकड़ ,देव धाकड़ यूएनएफपीए पंख परियोजना से निशा राठौड़ सहित विद्यालय की बालिकाएं मौजूद रही।

## पूजन के बिना मनुष्य हीरो से जीरो बन जाता है - मुनि श्री विलोक सागर जी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा पूजन के बिना मनुष्य हीरो से जीरो बन जाता है यह कहना है आचार्य श्री आर्जव सागर जी मुनिराज के परम शिष्य विलोक सागर जी महाराज का । पूज्य महाराज जी श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जैन धर्मशाला राजाखेड़ा में आयोजित धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। महाराज ने कहा कि जब श्रावक के तीव्र पुण्य का उदय आता है तब जिनेन्द्र भगवान के चरणों की पूजा का अवसर श्रावक को प्राप्त होता है । जब श्रावक देव पूजा गुरु उपासना इत्यादि से दूर हो जाता है तब वह हीरो से जीरो बनने की यात्रा प्रारंभ कर देता है । इसलिए कभी भी हमें धर्म की शरण छोड़नी नहीं चाहिए । सकल दिगंबर जैन समाज राजाखेड़ा द्वारा मुनि संघ को आगामी शीतकालीन वाचना हेतु श्रीफल भेंट कर निवेदन किया गया । इस अवसर पर राजेंद्र जैन अध्यक्ष ,देवचंद जैन कोषाध्यक्ष, मुकेश पटवारी, मक्खनलाल जैन, विनोद पंडित जी ,रामकुमार जैन ,विजय जैन , पंकज जैन, राकेश जैन, बंटी जैन ,महेश जैन ,सुभाष जैन, विपिन जैन, जय जैन, ललित जैन , झम्मनलाल, विपिन जैन ,राजेंद्र जैन, डोंगरपुर, पप्पू जैन, नहीला, सुनील कोठारी, ओमप्रकाश जैन, सहित संपूर्ण समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।


## नोटिस बेदखली

प्रेषिती :- हरआम खास

जो कि मुझे मेरे अभिभाष्य विनोद कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री मदन लाल शर्मा, उम्र 64 वर्ष, जाति ब्राह्मण, निवासी प्राचीन श्याम कुंड के पास, खाटुश्याम जी, तहसील दाँतारामगढ़, जिला सीकर, राजस्थान ने समस्त वस्तुस्थिति से अवगत करवाकर विधिक नोटिस प्रेषित व साया करवाने कि हिदायत दी है-

मेरे अभिभाष्य कि पुत्री ऊषा शर्मा व आरती शर्मा पूर्ण रूप से बालिग है एवं अपना भला बुरा अच्छी तरह से समझती है। मेरे अभिभाष्य कि उक्त दोनों पुत्री द्वारा मेरे अभिभाष्य एवं मेरे अभिभाष्य के परिवार की बिना रजामंदी और सहमति से विवाह कर लिया गया है। जिस से मेरे अभिभाष्य को अत्यधिक पीड़ा हुई है और समाज में छवि खराब हो रही है। उक्त दोनों पुत्री मेरे अभिभाष्य व मेरे अभिभाष्य के परिवार से किसी प्रकार का कोई संबंध/रिश्ता नहीं रख रही है और ना ही रखना चाहती है। इन सभी प्रत्याड़नाओं से प्रत्याडित होकर मेरे अभिभाष्य अपनी उक्त दोनों पुत्री ऊषा शर्मा व आरती शर्मा व उनसे उत्पन्न संतानों को अपनी मृत्यु उपरांत मिलने वाले सभी लाभों से वंचित करते हुए अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति बेदखल करते हैं। आज के पश्चात मेरे अभिभाष्य कि पुत्री ऊषा शर्मा व आरती शर्मा उनसे उत्पन्न संतान का मेरे अभिभाष्य कि चल अचल संपत्ति में किसी प्रकार का कोई हिस्सा नहीं है और न भाविष्य में होगा। आज दिनांक 24 नवंबर 2025 से अभिभाष्य द्वारा उक्त बेदखली को सार्वजनिक नोटिस प्रेषित एवं साया कर अपनी पुत्री ऊषा शर्मा व आरती शर्मा व उनसे उत्पन्न संतानों को अपनी चल-अचल संपत्तियों मे से पूर्णतया बेदखल कर रहा है। उक्त बेदखली को हरआम सर्वसाधारण को जरिए समाचार पत्र मैं साया कर सूचना प्रेषित कि जा रही है।

दिनांक 24/09/2025

**एडवोकेट नितेश कुमार स्वामी**
**राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर**
**कार्यालय पता :- 204,प्रथम तला, आयुग लीगल एसोसिएट, बालाजी आशियाना, मुरली लहर अस्पताल के पास,जगदम्बा नगर-डी, गिरधारीपुरा, जयपुर (302021) कार्यालय- मो. न. - 9929925292**


## मित्रम प्ले स्कूल का सामाजिक भ्रमण- नन्हें बच्चों ने जाना पुलिस का समर्पण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सीख सिर्फ कक्षा की चार दीवारों तक सीमित न रहे, इसी उद्देश्य से मित्रम प्ले स्कूल हर माह बच्चों के लिए सामाजिक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करता है। इसी कड़ी में इस बार प्ले ग्रुप के हितेन सहित नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने स्थानीय पुलिस स्टेशन का भ्रमण किया। यह उनके लिए रोमांचक, प्रेरणादायक और सीखों से भरा अनुभव रहा। थाने पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों ने बच्चों का हँसी-खुशी स्वागत किया और सरल भाषा में पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस दिन-रात समाज में सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहती है। बच्चों को कंट्रोल रूम, सीसीटीवी प्रबंधन, अलार्म एवं सायरन सिस्टम, पुलिस स्टाफ की ड्यूटी व्यवस्था और पुलिस वाहनों के बारे में भी व्यवहारिक जानकारी दी गई। भ्रमण का सबसे यादगार पल तब आया, जब प्ले ग्रुप के नन्हे छात्र हितेन को पुलिस वर्दी पहनने का मौका मिला। वर्दी पहनते ही उसके चेहरे पर गर्व, जिम्मेदारी और उत्साह की चमक दिखी। मासूम मुस्कान के साथ हितेन ने कहा, 'मैं बड़ा होकर अपने देश की सेवा करूंगा।' उसके इन शब्दों ने पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों को भावुक कर दिया। बाकी बच्चों के चेहरे पर भी गर्व और प्रेरणा साफ झलक रही थी। प्रिंसिपल मैम ने कहा कि बच्चों के सपनों को केवल कल्पना तक सीमित नहीं रखना चाहिए, उन्हें ऐसे अवसर देना जरूरी है, जिनसे वे महसूस कर सकें कि मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी से वे अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। भ्रमण से बच्चों में सुरक्षा जागरूकता, अनुशासन और देशभक्ति का भाव सशक्त हुआ।

## विधानसभा अध्यक्ष ने अजमेर में आईटी पार्क का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर,** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर आईटी पार्क पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को समयबद्ध तथा गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटी पार्क अजमेर में रोजगार, औद्योगिकीकरण और डिजिटल सेक्टर की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। इसके लिए विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। देवनानी ने निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण, समतलीकरण, चारदीवारी, डिमार्केशन, पावर लाइन और बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रीको के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समतलीकरण तथा सड़क निर्माण का कार्य एक माह में पूर्ण किया जाए। इससे विद्युत एवं पेयजल लाइनों आदि सुविधाओं की स्थापना का कार्य समय से शुरू किया जा सकेगा। उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर तैयार करने और पार्क में उच्च गुणवत्ता वाली सड़क निर्माण सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आईटी पार्क के भीतर प्लग-एंड-प्ले मॉडल को प्रोत्साहित करते हुए बहुमंजिला इमारतों में मल्टीपल आईटी यूनिट्स की स्थापना की सुविधा विकसित की जाएगी। चारदीवारी निर्माण से पार्क की स्पष्ट आउटलाइन और पहचान सुनिश्चित होगी। वहीं सड़क नेटवर्क, जल निकासी, विद्युत लाइनों और स्ट्रीट लाइट सहित सभी आवश्यक आधारभूत ढांचे को निर्धारित समयसीमा में विकसित किया जाए। उन्होंने रीको के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईटी उद्योगों को अधिकाधिक आकर्षित करने के लिए पार्क में गार्डन, पार्किंग, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएं। साथ ही ओएफसी केबलिंग की आवश्यकताओं को संबंधित नेटवर्क कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरंत पूरा किया जाए। रीको के अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को जानकारी दी कि आईटी पार्क का कुल क्षेत्रफल 27.55 एकड़ है। इसमें से 45 हजार 310 वर्गमीटर भूमि औद्योगिक और कॉमर्शियल उपयोग के लिए बेची जाएगी। रीको ने आईटी पार्क के विकास के लिए 23.65 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इसके अंतर्गत भूमि मुआवजा, समतलीकरण, सिविल निर्माण कार्य, सर्वे-डिमार्केशन, सड़क निर्माण, विद्युत कार्य, स्ट्रीट लाइट, वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आईटी पार्क का स्थान रणनीतिक रूप से अत्यंत लाभकारी है।

## सांभर झील में फिर मंडराया पर्यावरणीय संकट विदेशी पक्षियों के बाद अब मछलियों की मौत से अफरा-तफरी, प्रशासन अलर्ट मोड पर

### मोहनपुर क्षेत्र में झील किनारे 847 मृत मछलियां मिलीं

जयपुर टाइम्स




**डीडवाना-कुचामन(निस.)** । एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की सांभर झील एक बार फिर गंभीर पर्यावरणीय संकट के मुहाने पर खड़ी है। नावा उपखंड मुख्यालय से सटी मोहनपुर क्षेत्र में रविवार सुबह झील किनारे सैकड़ों मृत मछलियां मिलने से हड़कंप मच गया। विदेशी प्रवासी पक्षियों की मौत के बाद अब मछलियों का मरना प्रशासन और पर्यावरण विभाग के लिए नई चुनौती बनकर सामने आया है। सुबह स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पशु चिकित्सालय विभाग और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि झील में बढ़ता प्रदूषण और पानी में नमकीनपन की मात्रा में तेजी से वृद्धि इसका मुख्य कारण हो सकता है। पशु चिकित्सालय विभाग के डॉक्टर मोतीराम कुमावत ने बताया कि लगभग 847 मृत मछलियां झील के किनारे मिली हैं, जो अधिकांश मीठे पानी की प्रजाति थीं। बारिश के दौरान झील में आए मीठे पानी के कारण इनकी संख्या बढ़ी थी, लेकिन अब जैसे-जैसे पानी सूखने लगा है और नमक की मात्रा बढ़ रही है, मछलियां मर रही हैं। डॉक्टर कुमावत ने बताया कि परीक्षण के आधार पर एवियन बोटुलिज़्म और टॉक्सिन नामक केमिकल की आशंका जताई जा रही है। उनका कहना है कि यह रसायन अक्सर रिफाइनरी जैसे औद्योगिक कचरे से उत्पन्न होता है। इसी के कारण पूर्व में भी सांभर झील में सैकड़ों विदेशी प्रवासी पक्षियों की मौत हुई थी। उन्होंने चेतावनी दी कि झील का पानी लगातार घटने के साथ यह स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा मृत मछलियों और पक्षियों की संख्या बढ़ सकती है। वन विभाग और प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी है और पानी के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

## कार्यकर्ता पार्टी की रीति नीति को आम जन तक पहुंचाएं

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिलाअध्यक्ष विधायक संजय कुमार जाटव विधायक शोभा रानी कुशवाहा के कार्यालय पर हुआ जिला अध्यक्ष का सम्मान समारोह) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत नव नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय कुमार जाटव का स्वागत समारोह का आयोजन धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा के कार्यालय पर किया गया इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जिला संगठन प्रभारी अजीत यादव, विधायक शोभा रानी कुशवाहा, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री, पूर्व अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, पूर्व प्रधान बसेड़ी लाखन सिंह खिडोरा, विधानसभा प्रभारी राजाखेड़ा विनीत पाल, विधानसभा प्रभारी सर मथुरा प्रशांत उपाध्याय पूर्व सभापति कमल कंसाना सहित बड़ी संख्या में धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जन उपस्थित रहे विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने उत्साह पूर्वक जिला अध्यक्ष का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की कामना की विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने कहा कि हमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत युवा एवं विधायक संजय कुमार जाटव को जिले की कमान सौंपी है हम सबको मिलकर उनके हाथ मजबूत कर आगामी स्थानीय निकाय के चुनाव एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराना है जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजय कुमार जाटव ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसान, दलित, मजदूर की पार्टी है मुझे इतना बड़ा दायित्व पार्टी ने सोपा है यह कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बदौलत संभव हो पाया है हम सब को मिलकर पार्टी की रीति नीति पार्टी की विचारधारा को आम जन तक पहुंचना है और हमें पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में सक्रिय रूप से भागीदार रहे और कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित ना रहे हम लोग जिले लेवल पर प्रभावी मॉनिटरिंग कर रहे हैं इस अवसर पर धौलपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमर फारूक, धौलपुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिबू लोधा, सेवादल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, पार्षद विवेक शर्मा, पार्षद सद्दाम खान शहजाद जलमानी, नेता प्रतिपक्ष नज्जो खान, युवा नेता कांग्रेस राजवीर मीना बरोली सर मथुरा, ओम बास शर्मा, नेमीचंद कुशवाहा, गोरेलाल कुशवाहा,फरहत खान, सुलेमान फारुकी, नेमीचंद कुशवाहा, भंवर सिंह कुशवाहा, ठाकुरदास कुशवाहा, राम लखन कुशवाहा, अमरेश कुशवाहा, अशोक कुमार कुशवाहा, महावीर कुशवाहा धर्मेंद्र कुमार,सीता कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे संचालन कांग्रेस संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया।

## पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



### प्रान्तीय सम्मेलन में भाग लेने सहित शिक्षकों के हित में लिये अनेक निर्णय

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** राजस्थान पंचायतीराज माध्यमिक शिक्षक संगठन की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें आगामी प्रांतीय सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में कोटपूतली, नारायणपुर, पावटा, बहरोड़, नीमराणा व बानसुर ब्लॉकों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष जयदर्थ यादव ने कहा कि जिले से अधिक से अधिक शिक्षक आगामी प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेकर संगठन की मजबूती का परिचय दें। उन्होंने सम्मेलन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं लॉजिस्टिक तैयारियों पर सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की तथा सभी ब्लॉकों को जिम्मेदारियाँ सौंपी। शिक्षकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह यादव ने बताया कि शिक्षकों के वेतन नियमितीकरण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से सकारात्मक बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि डीईओ ने दिसंबर माह में ही वेतन नियमितिकरण और 2022-23 शिक्षक भर्ती के स्थाईकरण के आदेश जारी करने का आष्वासन दिया है, जिससे जिले के शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता अभियान, शिक्षा की गुणवत्ता तथा विद्यालय स्तर की समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि एकजुट होकर ही शिक्षक अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष जयदर्थ यादव, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह यादव, जिला सभाध्यक्ष पुष्करमल रावत, जिला मंत्री सुनील मेहता, ब्लॉक अध्यक्ष नारायणपुर शीशराम गुर्जर, बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष रामभरोस यादव, बहरोड़ सभाध्यक्ष बुधसिंह, कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष हजारीलाल गुर्जर, सभा अध्यक्ष बहरोड़ बुधसिंह यादव, सभा अध्यक्ष कोटपूतली हवासिंह गुर्जर, देवेंद्र यादव (नीमराणा), कैलाश धोबी (नारायणपुर), बलकेश मीणा (नारायणपुर), कृष्ण चंद्र यादव, सुनील यादव (नर्सिंग अधिकारी), मुरारीलाल गुर्जर सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों के साथ सभी पदाधिकारियों ने प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## शिक्षक ने अपने पुत्र की बिना दहेज की शादी, शगुन में लिया सिर्फ 1 रूपया और नारियल



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निसं.)।** सालासर के आर.एन. स्कूल के निदेशक डॉ. लादूसिंह राव ने अपने पुत्र की शादी बिना दहेज करके समाज के युवाओं के लिए एक मिशाल पेश की है। सीकर जिले के सुतोद गांव में शुक्रवार रात्रि को सुतोद सरपंच रणजीतसिंह की पुत्री प्रिया के साथ उनके पुत्र दिव्यांशु की शादी सम्पन्न हुई जिसमें सगुन में एक रूपया व नारियल लिया। दूल्हे के दादा रामनारायण राव व ताऊ प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद ने कहा दहेज एक कुप्रथा है हम दहेज प्रथा के खिलाफ है इसलिए हम हमारे पुत्र की शादी में दहेज नही लेकर युवाओं को इस बारे में प्रेरणा दे रहे है। उन्होने कहा कि सबसे बड़ा दहेज है दूल्हन ही है जो दो परिवारों को जोड़ती है। इस अवसर बेगाराम ढ़ाका, केसरदेव गैणा, जीताराम ढ़ाका, हरिप्रसाद झुरिया, सुरेश चौधरी, एडवोकेट राजेन्द्र नेहरा, मोहन प्रजापत, प्रकाश ढ़ाका, रामलाल फगेड़िया, शिवप्रसाद शर्मा, प्रहलाद प्रजापत, मुलचन्द, जयपाल ढ़ाका, महेन्द्र, सुरेन्द्र, भरत सैन, मुकेश सामोता सहित वर वधु पक्ष के परिजन उपस्थि रहे।

8

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
8 दिसम्बर, 2025

## साईबर ठगी के शिकार परिवादी को रूपये रिफण्ड करवाये

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** पुलिस ने साइबर ठगों के द्वारा ठगे गये रूपयों को पीड़ित को वापिस रिफण्ड करवाये हैं। इस कार्रवाई में रतनगढ़ थाना के कांस्टेबल महेन्द्र व मुकेश की अहम भूमिका रही। रतनगढ़ थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने बताया कि रतनगढ़ निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से साइबर ठगों ने साइबर फ्रोड कर 60 हजार रुपए ठग लिये। घटना के बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम हैल्प लाइन पर शिकायत दर्ज करवाई। साइबर ठगी का मामला दर्ज कर पुलिस अलर्ट हुई। थानाधिकारी गौरव खिड़िया के द्वारा साइबर पोर्टल पर प्राप्तशुदा परिवाद का अवलोकन कर परिवादी के खाते से स्थानान्तरित राशि का पाथ ट्रेस किया गया। परिवादी के खाता से जिन खातों में पैसा हस्तान्तरित हुआ। उनकी केवाईसी डिटेल व स्टेटमेंट प्राप्त किया गया। विभिन्न बैंकों व साइबर पोर्टल के नोडल अधिकारियों से पत्राचार व दूरभाष से सम्पर्क करते हुये परिवादियों की राशि होल्ड करवाते हुए पीड़ित की राशि को उसके खाते में कोर्ट के आदेश पर ठगी गयी राशि को विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए परिवादी के खाते में जमा करवाई गई। पुलिस की इस कार्रवाई में रतनगढ़ थाना के कांस्टेबल मुकेश व महेन्द्र की अहम भूमिका रही।

## जंगल से लकड़ियां लाने गई 16 साल की नाबालिग लापता

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़परिवार ने युवक पर शक जताया , 25 साल की युवती भी बिना बताए निकली सीकर जिले में 16 साल की नाबालिग लड़की और 25 साल की युवती की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दी है, जिसके आधार पर अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहला मामला 16 साल की नाबालिग लड़की का है। नाबालिग लड़की का परिवार घमंत जाति का है। उसके पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी 16 साल की नाबालिग लड़की 5 दिसंबर की सुबह 10 बजे के करीब जलाने की लड़कियां लेने के लिए जंगल में गई थी। जो वापस नहीं लौटी। परिवार ने जंगल और आसपास के एरिया में काफी तलाश की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। परिवार ने एक युवक पर अपनी बेटी को भगा ले जाने का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। दूसरा मामला 25 साल की युवती की गुमशुदगी का है। युवती की मां ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी 25 साल की बेटी जो 6 दिसंबर की दोपहर करीब 12:30 बजे घर से बिना बताए कहीं पर चली गई। परिवार ने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन बेटी का कुछ भी पता नहीं चल पाया।

## ट्रेफिक पुलिस में जवानों की संख्या बढ़ाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने चूरू जिला पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भेजकर सुजानगढ़ ट्रेफिक पुलिस में जवानों की संख्या बढ़ाये जाने की मांग की है। पत्र में बोरड़ ने लिखा है कि शहर की आबादी करीब 2 लाख हो चुकी है तथा दिनों दिन शहर भी फैलता जा रहा है। आबादी क्षेत्र और पैराफेरी क्षेत्र भी काफी बढ़ गया है। दूसरी ओर नया बस स्टेंड शुरू होने तथा छापर रोड़ स्थित रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य शुरू होने के कारण ट्रेफिक डाईवर्ट किया जा चुका है। जिसके कारण ट्रेफिक पुलिस का जाप्ता हर वक्त कम पड़ता नजर आता है। अगर ध्यान से देखें, तो अवैध वाहनों के खिलाफ कार्यवाही के लिए रोज-रोज ट्रेफिक पुलिस को नाका भी लगाना पड़ता है। ऐसे में शहर के अलग-अलग हिस्सों में ट्रेफिक पुलिस की टीमों की आवश्यकता पड़ती है। इन स्थानों में पुराना बस स्टेंड, अशोक स्तम्भ तिराहा, नया बस स्टेंड, गणेश मंदिर, घंटाघर-गांधी चौक, सरकारी अस्पताल, मेगाहाईवे तिराहा आदि स्थानों के साथ-साथ नाका लगाकर वाहनों की चैकिंग के लिए यातायात पुलिस की टीमों की आवश्यकता पड़ती है। कई बार एक जगह ट्रेफिक जाम होने पर यातायात कर्मियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ता है। बोरड़ ने ट्रेफिक पुलिस में जवानों की कमी को देखते हुए कम से कम 20 जवानों को और सुजानगढ़ ट्रेफिक में तैनात किए जाने की मांग की है।

## बाईक टैलर की भिड़ंत

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(चूरू)** रतनगढ़ में शनिवार की रात एक ट्रेलर ने बाइक सवारों के टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 25 वर्षीय युवक के गंभीर चोट आने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना पर रतनगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पर रविवार को मृतक के रिश्ते में भाई की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि पड़िहारा निवासी 26 वर्षीय मनोज मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि रिश्ते में उसका भाई 27 वर्षीय गिरधारीलाल मेघवाल व गांव का ही 25 वर्षीय जगदीश नायक लोहा लए हुए थे। वे जब पड़िहारा की तरफ आ रहे थे, तो मेगा हाइवे पर माताजी मंदिर रेलवे फाटक से पहले सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन को चलाते हुए बाइक के टक्कर मार दी। हादसे में गिरधारीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया है। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई जयप्रकाश कर रहे हैं।

## 105 विद्यार्थियों को किया स्वेटर वितरण

**सुजानगढ़(नि.सं.)** स्थानीय श्री श्याम सखी मंडल द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालासी में स्वेटर व जुर्राब वितरण किया गया। मंडल अध्यक्षा कांता शर्मा ने बताया कि मंडल द्वारा सामाजिक, धार्मिक, कार्यक्रमों में सहभागिता रहती हैं। इसी के तहत स्कूल में 105 बच्चों को गर्म पकड़े वितरीत किए गए। मंडल सदस्या संतोष शर्मा, मंजू सैन, कंचन सोनी, राजू सोनी,मैनका दर्जी, सरोज सैन, नीता शर्मा, चंद्रप्रभा सोनी और पूनम शर्मा आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य मुकेश एवम समस्त स्टाफ ने श्याम सखी मंडल का धन्यवाद ज्ञापन किया।



# मालवीय नगर में अवैध पांच मंजिले भवन को जेडीए ने धराशाई किया, मालिक ने कहा बिना नोटिस के की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जयपुर के मालवीय नगर इलाके में उसे अवैध पांच मंजिल भवन को गिरा दिया है जो अचानक क्रेक हो गया था और एक तरफ से झुक गया था हालांकि भवन के मालिक ने जेडीए की इस कार्रवाई का विरोध किया और कहा कि जेडीए ने कार्रवाई करने से पहले उन्हें नोटिस नहीं दिया बिना नोटिस के ही जेडीए ने अपने स्तर पर यह कार्रवाई की है जो गलत है भवन मालिक अपनी ओर से कुछ डाक्यूमेंट्स भी प्रस्तुत कर रहा था लेकिन जेडीए अधिकारियों का कहना है कि यह बिल्डिंग पूरी तरह से अवैध थी भवन मालिक के पास जो दस्तावेज हैं वह आर्किटेक्ट के हैं और आर्किटेक्ट का साइट प्लान और भवन का नक्शा मान्य नहीं है जेडीए की इस कार्रवाई को गलत नहीं माना जा सकता क्योंकि अगर जेडीए की ओर से इस भवन को गिराया नहीं जाता तो यह भवन कभी भी गिर सकता था और कई तरह का यहां नुकसान हो सकता था क्योंकि शनिवार को अचानक ही इस भवन का एक हिस्सा झुक गया था यह तो गनीमत रही कि यह भवन गिरा नहीं अन्यथा काफी नुकसान हो सकता था लेकिन जैसे ही आसपास के लोगों ने इस भवन को झुका हुआ देखा तो उन्होंने तुरंत जेडीए पुलिस और प्रशासन को सूचना भेजी इसके बाद जेडीए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्रेन की सहायता से झुकी हुई बिल्डिंग को सपोर्ट दिया गया ताकि यह भवन अचानक नहीं गिरे बाद में शनिवार को तमाम तरह का परीक्षण और लीगल जानकारी को क्लियर करने के बाद जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने कुछ सेकंड में ही इस पांच मंजिल भवन को गिरा दिया जानकारी के अनुसार इस पांच मंजिल भवन के निर्माण की कार्रवाई में आर्किटेक्ट की ओर से भवन के मालिक को अंधेरे में रखने की बात सामने आई है क्योंकि मौके पर गए जेडीए के अधिकारियों को भवन के मालिक ने भवन के संबंध में जो दस्तावेज प्रस्तुत किया वह दस्तावेज जड़ा और नगर निगम के नहीं होकर आर्किटेक्ट के अपने स्तर पर तैयार किए गए दस्तावेज थे जो मान्य हो ही नहीं सकते क्योंकि जेडीए नगर निगम और सरकारी एजेंसी के दस्तावेज जी मान्य होते हैं लेकिन यहां आर्किटेक्ट में शायद भवन के मालिक को यह कहकर भरोसा दिलाया कि सारा कार्य में निपटा दूंगा और भवन मालिक कहीं ना कहीं आर्किटेक्ट की बातों में भी आ गया हालांकि भवन के मालिक का कहना है की बिल्डिंग को ध्वस्त करने से पहले जेडीए की ओर से नोटिस देना चाहिए था लेकिन जेडीए इस मामले को लेकर काफी गंभीर था जेडीए के अधिकारी यह जानते थे कि अगर यहां कार्रवाई नहीं की गई और भवन गिर गया तो एक तरफ भारी नुकसान होगा तो दूसरी तरफ जेडीए का सरकार आमजन और कोर्ट को जवाब देना मुश्किल हो जाएगा इसलिए जेडीए ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को सुबह-सुबह ही इस बिल्डिंग को धराशाई कर दिया जानकार लोगों का कहना है कि इस पांच मंजिल भवन का निर्माण पिछले 8 महीना से हो रहा था और यह हो नहीं सकता कि इस निर्माण कार्य को लेकर जेडीए के परिवर्तन दस्ते को जानकारी नहीं हो क्योंकि यह बिल्डिंग आवासीय इलाके में बन रही थी और लंबे समय से इसका निर्माण हो रहा था इसलिए जेडीए के छोटे-बड़े सभी अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं हो ऐसा संभव ही नहीं है यह तो बिल्डिंग अचानक झुक गई जिसकी वजह से आसपास के लोगों की शिकायत पर प्रशासन पुलिस और जेडीए के अधिकारी मौके पर पहुंचे बिल्डिंग की हालत देखकर जेडीए के अधिकारी भी काफी चकित रह गए क्योंकि अगर यह बिल्डिंग गिर जाती तो भारी पैमाने पर जान और माल का नुकसान हो सकता था और इस हादसे के बाद जेडीए के कई अधिकारियों की नौकरी भी खतरे में बढ़ सकती थी क्योंकि जब जांच पड़ताल में खुलासा होता कि यह बिल्डिंग अवैध है तो फिर निश्चित रूप से जड़ा और अन्य संबंधित अधिकारियों की नौकरी भी खतरे में पड़ जाती इसीलिए जेडीए ने इस बिल्डिंग को गिराने में बिल्कुल भी देरी नहीं की ।

## कांग्रेस में गुटबाजी, भाजपा देती है साधारण कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी: राठौर

### कांग्रेस के शासन में हुए भारी जमीन घोटाले

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कांग्रेस के नेता टीकाराम जूली के एक्स पर की गई टिप्पणी पर करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक पद्धति से चुने हुए मुख्यमंत्री के नाम पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना पूरी तरह मर्यादाहीन है। कांग्रेस को इस तरह की मर्यादाहीन टिप्पणी करने के बजाय आगामी विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में हुए शानदार विकास कार्यों पर बहस करनी चाहिए। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में राजस्थान की आधारभूत संरचना मजबूत करने ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को धरातल पर उतारने राज्य की जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि और शानदार राज्य बजट पेश करने जैसी शानदार उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आम जनता पूरी तरह राज्य सरकार के साथ है। राठौड़ ने जमीनी नेता की बात पर कहा कि टीकाराम जूली और गोविंद सिंह डोटासरा अपने आप को जमीन से जुड़ा नेता बताते है जो कि पूरी तरह सच है। कांग्रेस के शासनकाल में जूली जी के गृह जिले अलवर के थानागाजी में 2 हजार एकड़ जमीन की भारी लूट हुई थी। विधानसभा में यह प्रकरण उठने के बाद जिस कलक्टर ने जमीन का अवैध आवंटन रद्द किया उसका कुछ ही दिन में स्थानांतरण कर दिया गया। इसी प्रकार डोटासरा की गृह तहसील में नेक्सा ग्रीन कंपनी के नाम पर करोड़ों की ठगी भी कांग्रेस के राज में ही हुई। राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में गुटबाजी की बात करने वाले कांग्रेस नेता यह भूल गए कि कांग्रेस शासन में तात्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और तात्कालीन उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट अपने-अपने गुटों के विधायकों के साथ कई दिनों तक पांच सितारा होटल में कैद रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्त्ता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ खड़ा है। भाजपा वह पार्टी है जहां साधारण कार्यकर्त्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सातो संभागों के जिला अध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों की बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्षों ने पदाधिकारियों के साथ बैठकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया।

## जूली ने राठौर से पूछा-वह कौन सा राज जिससे आप वसुंधरा राज से दूर हो गए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौर से पूछा है कि वह ऐसा कौन सा कारण है जिसकी वजह से आप वसुंधरा राजे से इतने दूर हो गए उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब आप वसुंधरा राजे के राइट हैंड माने जाते थे और उस समय राजस्थान भाजपा के चाणक्य की उपाधि आपको मिली हुई थी लेकिन ऐसा क्या हो गया कि आप वसुंधरा राजे और आपके बीच लंबी राजनीतिक दूरी हो गई जूली ने राठौर से यह भी कहा कि आप मेरे पद की चिंता मत कीजिए आपको भजनलाल सरकार में सरकारी प्रवक्ता का पद मिल सकता है बहुत से राज्यों में सरकार के सरकारी प्रवक्ता का पद होता है आपके पास अभी कोई पद नहीं है इसलिए भजनलाल सरकार आपको प्रवक्ता का पद दे सकती हैं क्योंकि आजकल आप आपके बयान सरकार के प्रवक्ता कि जैसे ही आ रहे हैं फिर दिक्कत क्या है सरकार को आपको प्रवक्ता बनने में टीकाराम जूली ने राजेंद्र राठौड़ से पूछा कि भाजपा सरकार के वर्ष 2025 26 के बजट भाषण क्रमांक 158 में बाड़मेर की रिफाइनरी के अगस्त 2025 में शुभारंभ होने की बात कही थी और अब आप रिफाइनरी के जनवरी 2026 में शुरू होने की बात कह रहे हो जूली ने राठौर से पूछा कि क्या आपकी सरकार बिना असेसमेंट के बजट तैयार करती है उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2013 में भाजपा की ही सरकार थी जिसमें बाड़मेर की रिफाइनरी के लिए 37000 करोड़ का बजट प्रस्तावित था बाद में 2018 में आपकी ही सरकार ने इसे 79000 हजार करोड़ रुपये कर दिया पूरे 4 साल तक आपकी सरकार फाइल को इधर-उधर घूमती रही जिसका परिणाम यह रहा की प्रदेश की जनता पर करीब 10000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वजन आ गया । जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में आज हालात यह हो गये है कि सीएम इन बैटिंग में विधायकों की संख्या से भी ज्यादा भाजपा नेताओं की संख्या है और मंत्री यह कहते हैं कि हमारी चलती नहीं आखिर भाजपा की इस सरकार में चल किसकी रही है जूली ने कहा कि प्रदेश में पिछली गहलोत सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान भी बाड़मेर की रिफाइनरी का कार्य रुकने नहीं दिया उसी का नतीजा है कि रिफाइनरी का कार्य पूरा हो पाया और अब भाजपा इसका श्रेय ले रही है ।

## 50000 रुपए का कुख्यात इनामी डकैत योगी को घेराबंदी करके पकड़ा, एमपी पुलिस हाथ धोकर पीछे पड़ी थी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** धौलपुर जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए राजस्थान और मध्य प्रदेश पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने 50000 रुपए के इनामी डकैत योगी उर्फ योगेंद्र गुर्जर को घेराबंदी करके पकड़ लिया है योगेंद्र गुर्जर से भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और दो बंदूक बरामद की गई है द्य जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त योगेंद्र गुर्जर के खिलाफ राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई पुलिस थानों में गंभीर मामले दर्ज हैं और दोनों ही राज्यों की पुलिस की ओर से इसके खिलाफ इनाम की घोषणा भी की गई है मध्य प्रदेश पुलिस योगेंद्र गुर्जर की सर गर्मी से चंबल के जंगल में इसकी तलाश कर रही थी योगेंद्र गुर्जर को कहीं ना कहीं यह डाउट था कि मध्य प्रदेश पुलिस उसका एनकाउंटर कर देगी इसलिए वह मध्य प्रदेश पुलिस की कार्रवाई से घबराकर धौलपुर के चंबल के इलाके में घुस गया था यहां धौलपुर जिला पुलिस के बड़े अधिकारियों को सूचना मिली कि योगेंद्र गुर्जर जंगल में छुपा हुआ है इसके बाद अंगाई थाने की टीम और डीएसटी की ओर से योगेंद्र को दबोचने के लिए रणनीति तैयार की गई रणनीति के तहत टीम के सदस्यों ने घेराबंदी करके योगेंद्र को पकड़ लिया जानकारी के अनुसार पुलिस ने बहुत ही संयोजित तरीके से योगी उर्फ योगेंद्र को मौके पर जाकर दबोचा जिसकी वजह से योगेंद्र को संभलने का मौका ही नहीं मिला धौलपुर जिला पुलिस ने मध्य प्रदेश पुलिस को भी योगेंद्र की गिरफ्तारी के बारे में सूचना शेर की है योगेंद्र को कोर्ट में प्रस्तुत करके उसे पूछताछ के लिए रिमांड में भी लिया जाएगा जानकारी के अनुसार पिछले कुछ सालों से राजस्थान और मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से चंबल के जंगल में शरण लिए विभिन्न डकैतों की गिरफ्तारी के लिए युद्ध स्तर पर अभियान शुरू किया हुआ है जिसमें मध्य प्रदेश और राजस्थान पुलिस को सफलता भी मिली है और कई बड़े डकैत गिरफ्तार भी किए गए हैं इसलिए चंबल के जंगल से अब डकैतों की गतिविधियां पहले की तरह सक्रिय नहीं है वजह यही है कि अनेक डकैत या तो पुलिस की मुठभेड़ में मारे गए हैं या फिर जेल की सलाखों में बंद है इसलिए चंबल के जंगल अब डकैतों की गतिविधियों से तेजी से वीरान हो रहे हैं एक समय ऐसा भी था जब चंबल के डकैतों की वजह से राजस्थान के पूर्वी हिस्से के जिलों में उनकी गतिविधियों से व्यापारी वर्ग में काफी भय बना रहता था लेकिन अब पहले की तरह डकैतों की गतिविधियां ज्यादा देखने को नहीं मिल रही ।

## साधु और भिखारी बनकर घूम रहे अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा, करीब 200 वांटेड पुलिस के जाल में फंसे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए कई बड़े अपराधी साधु भिखारी जैसे वेश धारण करके पुलिस को गच्चा दे रहे थे लेकिन डूंगरपुर जिला पुलिस ने अपने एक विशेष अभियान के तहत पिछले कई सालों से पुलिस को कच्चा दे रहे ऐसे अपराधियों को ढूंढ निकाला है इसके लिए बाकायदा डूंगरपुर पुलिस के जवान खुद भिखारी और साधु बने ताकि भिखारी और साधु के वेशधारी इनवेंटेड अपराधियों को पकड़ा जा सके इसमें पुलिस को सफलता भी मिली है इस तरह से पुलिस ने अब तक करीब 200 वांटेड अपराधियों को पकड़ लिया है पुलिस की कार्रवाई फिलहाल जारी है जानकारी के अनुसार पुलिस की है राजस्थान के विभिन्न जिलों वेशधारी इनवेंटेड अपराधियों को पकड़ा जा सके इसमें पुलिस को सफलता भी मिली है इस तरह से पुलिस ने अब तक करीब 200 वांटेड अपराधियों को पकड़ लिया है पुलिस की कार्रवाई फिलहाल जारी है जानकारी के अनुसार डूंगरपुर जिला पुलिस की ओर से यह कार्रवाई प्रदेश के कई हिस्सों के अलावा प्रदेश से बाहर भी अन्य स्टेट में की गई है लेकिन डूंगरपुर जिला पुलिस की इस कार्रवाई से वांटेड अपराधियों में अब खलबली से भी मची हुई है जानकारी के अनुसार डूंगरपुर जिला पुलिस की ओर से एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है जिसमें कुख्यात अपराधियों के अलावा वांटेड अपराधियों की बाकायदा सूची तैयार करके उन्हें दबोचने के लिए एक पूरा प्लान तैयार किया गया और अपने संपर्क सूत्र मुखबारी तंत्र और मोबाइल लोकेशन ट्रेस की सहायता से जितने भी वांटेड अपराधी हैं उनकी गतिविधियों और लोकेशन का पता लगाया जा रहा है पुलिस को अपने इस अभियान के तहत यह भी जानकारी मिली की बहुत से अपराधी भिखारी और साधु बनकर भी पुलिस के कार्रवाई से बचने का प्रयास कर रहे हैं इसलिए डूंगरपुर जिला पुलिस ने अपने कुछ जवानों और अधिकारियों को बाकायदा भिखारी और साधु बनाकर उन अपराधियों के आसपास भेजा गया जिनको लेकर पुलिस को गुप्त सूचनाओं मिली थी इस तरह से पुलिस ने बहुत ही व्यवस्थित तरीके से अपने अभियान को अंजाम तक पहुंचा जिसमें पुलिस को काफी अच्छी सफलता भी मिली है इस तरह से अब तक 200 वांटेड अपराधियों को पकड़ा जा चुका है जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है क्योंकि इनमें कई अपराधी ऐसे भी हैं जो अपराध की गतिविधियों को अब भी अंजाम दे रहे थे इसलिए अब इनकी गिरफ्तारी से निश्चित रूप से अपराधों में भी कमी आएगी ।

## उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार पुश्तैनी गांव आए जगदीप धनखड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद जगदीप रविवार को झुंझुनू जिले के अपने पुश्तैनी गांव आए और अपने पुश्तैनी मकान की छत से पूरे गांव और आसपास के इलाके के दृश्य को देखा जानकारी के अनुसार धनगढ़ की चाची शांति देवी का निधन हो गया था इसलिए उनके दाह संस्कार में शामिल होने के लिए धनखड़ यहां अपने गांव आए थे पूर्व उपराष्ट्रपति ने अपने गांव में निर्मित हो रहे आयुर्वेद चिकित्सालय भवन का भी अवलोकन किया इसके अलावा गांव के प्रबुद्ध लोगों सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संगठनों के लोगों से भी उन्होंने मुलाकात की हालांकि उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद जगदीप धनखड़ जयपुर भी आए थे और जयपुर में आकर उन्होंने राजस्थान विधानसभा में पेंशन के लिए आवेदन भी दाखिल किया था लेकिन उस समय वे अपने गांव नहीं गए थे लेकिन चाचा के दाह संस्कार में शामिल होने के लिए रविवार को वे अपने गांव गए उल्लेखनीय है जगदीप धनखड़ पूर्व में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी रहे हैं इसके अलावा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी रहे हैं पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहने के दौरान धनखड़ और वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच हमेशा टकराव के हालात देखने को मिले बाद में उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में एनडीए की ओर से इन्हें प्रत्याशी बनाया गया जिसमें इन्हें सफलता भी मिली लेकिन संसद के चालू सत्र से पहले के राज्यसभा सत्र के शुरू होने के पहले दिन ही जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जगदीप धनखड़ने अपने इस्तीफा में स्वास्थ्य का हवाला दिया था हालांकि कांग्रेस पार्टी उनके इस्तीफा को लेकर अब तक यही कहती आ रही है कि कहीं ना कहीं दबाव बनाकर जगदीप धनखड़ से इस्तीफा लिया गया इस्तीफा देने के कई दिनों बाद तक जगदीप धनखड़ ने मीडिया से बातचीत नहीं की थी और सार्वजनिक रूप से वे कहीं नजर भी नहीं आ रहे थे बाद में कुछ महीने पहले जयपुर में राजस्थान विधानसभा परिसर में अपनी बंद पेंशन को फिर से शुरू करवाने के लिए वे नजर आए थे जगदीप धनखड़ माने हुए वकील भी हैं ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।